


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 200

ग्वालियर, गुरुवार, 9 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### भारतीय रेल की 261 गणपति स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना

**नई दिल्ली (ए)।** गणपति उत्सव के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए और त्योहार के मौसम में अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, भारतीय रेल विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये वाली 261 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। मध्य रेलवे 201 गणपति स्पेशल ट्रेन, पश्चिम रेलवे 42 गणपति स्पेशल ट्रेन और केआरसीएल 18 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। इन ट्रेनों ने पहले ही अगस्त के अंतिम सप्ताह से सेवाएं शुरू कर दी हैं और ये 20 सितंबर, 2021तक चलेंगी। इसके अलावा, भीड़ को कम करने के लिए मुंबई से चलने वाली विभिन्न ट्रेनों में स्लीपर श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। समय और ठहराव के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री www.enquiry.indianrail.gov.in को देख सकते हैं। इन स्पेशल ट्रेनों में केवल पहले से आरक्षित टिकट वाले यात्रियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे ट्रेन पर प्रवेश करते समय, यात्राके दौरान और गंतव्य स्टेशन पर कोविड -19 से संबंधित सभी नियमों तथा एसओपी का पालन करें।

### शादी के पॉच महीने बाद ही युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके मे स्थित कोरला कासा करोंद में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि उसकी पत्नी नहाने गई थी, जब वो बाथरुम से बाहर आई तो उसे पति का शरीर फंदे पर झूलता नजर आया। विवाहिता ने तुरंत ही परिवार वालो ओर 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एबुलेंस के कर्मचारियों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर कारणो की जांच शुरु कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि लाल सिंह चंदेल पिता राम प्रसाद चंदेल (30) मूलतः बांदा जिला उत्तर प्रदेश का रहने वाला था, जो इंदौर की किसी निजी कंपनी में नौकरी करता था। वहीं नौकरी करते समय समय उसकी जान पहचान एक युवती से हो गई थी। इसके बाद दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया और भोपाल में शिफ्ट हो गए। लाल सिंह उसकी पत्नी और छोटा भाई धीरेंद्र सिंह साथ मे ही करोंद में किराये के मकान मे रहते थे। लाल सिंह का छोटा भाई धीरेंद्र निजी अस्पताल में पार्ट टाइम नौकरी करता है। बीती सुबह वह अपने काम पर चला गया। सुबह करीब 10 बजे करीब पत्नी नहाने चली गई। इस दौरान अंदर के कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर लाल सिंह ने फांसी लगा ली। पत्नि जब बाथरुम से बाहर आई तो उसे पति लाल सिंह नजर नहीं आये जिसके बाद उसने अंदर वाले कमरे में जाकर देखा तो पति लाल सिंह का शरीर फांसी के फं दे पर झूल रहा था। किसी तरह उसने रस्सी का फंदा काटकर देवर और 108 को घटना की जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से फिलहाल कोई सुसाईड नोट या अन्य सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणो का खुलासा हो सके। पुलिस मृतक के परिवार वालो के ब्यान दर्ज करने के साथ ही उसके साथ काम करने वाले करीबी दोस्तो से भी पुछताछ करेगी, वही उसके मोबाईल की कॉल डिटेल भी पुलिस खंगाल रही है। अधिकारियो का कहना है कि जॉच पूरी होने पर ही आत्महत्या के कारणो का खुलासा हो सकेगा, जिसके आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### हरियाणा की नाबालिग से भोपाल की होटल मे गैगं रेप करने वाले तीन हाई प्रोफाईल आरोपियो को पुलिस ने डिंडौरी से पकडा

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना इलाके मे स्थित अमन होटल में नाबालिग से गैंगरेप करने वाले तीन हाई प्रोफाईल आरोपियों को पुलिस ने डिंडौरी जिले से दबोचा है। पकडे गये आरोपियो मे एक आरोपी भाजपा का पदाधिकारी है, जबकि दूसरा आरोपी जेडीयू डिंडौरी का जिला अध्यक्ष है, वहीं तीसरा आरोपी पैट्रोल पंप सचांलक है। पुलिस आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि गैंग रेप की इस वारदात मे पुलिस दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियो के खिलाफ गैंग रेप की शिकायत हरियाणा के पलवल मे रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने दर्ज कराई थी। अशोका गार्डन पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि डिंडौरी भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनीष नायक, जेडीयू का जिलाध्यक्ष दिनेश अवधिया और पेट्रोल पंप संचालक अमित सोनी को हिरासत में लिया गया है। इन सभी पर किशोरी से सामूहिक बलात्कार करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार नाबालिग अपनी परिचित अशोका गार्डन निवासी पारूल के पास बीती 18 अगस्त को आई थी। आरोप था कि पारूल अपनी सहेली सीमा और अन्य युवक सैफ की मदद से नाबालिग को अशोका गार्डन इलाके के अस्सी फीट रोड पर स्थित अमन होटल में ले गई।

## ईवीएम की जांच का पहला दौर पूरा

# उपचुनाव की तैयारी में जुटा निर्वाचन आयोग

### तीन साल से एक स्थान पर पदस्थ अधिकारियों को हटाने की भी हो चुकी है कार्रवाई

**भोपाल।** खंडवा लोकसभा सहित पृथ्वीपुर, जोबट और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारी कर ली है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन(ईवीएम) की पहले दौर की जांच का काम पूरा हो गया है। वहीं, तीन साल से एक स्थान पर पदस्थ अधिकारियों की हटाने की कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों का सर्वे कराया जा रहा है ताकि स्थान परिवर्तन करने की जरूरत हो तो समय रहते यह कार्य पूरा हो जाए। प्रदेश में खंडवा लोकसभा सीट भाजपा सांसद नंदकुमार सिंह चौहान के निधन की वजह से रिक्त है। वहीं, पृथ्वीपुर कांग्रेस के विधायक बृजेंद्र सिंह राठौर, जोबट कलावति भूरिया और रैगांव भाजपा विधायक जुगलकिशोर बागरी के निधन की वजह से रिक्त हैं। इन स्थानों पर उपचुनाव कराने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव काफी पहले भेज चुका है। माना जा रहा था कि बंगाल के साथ यहां भी उपचुनाव की घोषणा हो जाएगी। इसके मद्देनजर सभी तैयारियां भी की जा चुकी हैं।




करीब तीन हजार मतदान केंद्र हैं और नौ हजार 600 इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट) लगेंगी। इनकी पहले दौर की जांच इंजीनियरों से करा ली गई है। वहीं, तीन साल से अधिक एक स्थान पर पदस्थ ऐसे अधिकारी, जिनकी चुनाव में सीधी भूमिका होती है, को हटाने की कार्रवाई भी शासन कर चुका है। जिला प्रशासन ने मतदान और मतगणना के कार्य में लगने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भी चिन्हित कर लिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि उपचुनाव के संबंध में प्रारंभिक सभी तैयारियां हो चुकी हैं। जैसे ही चुनाव आयोग के निर्देश मिलेंगे, इन्हें अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मतदान एक जनवरी 2021 की स्थिति वाली मतदाता सूची से कराए जाएंगे।

**कांग्रेस ने मतदान केंद्र स्तर पर बनाई समिति:** प्रदेश कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए मतदान केंद्र स्तर पर समिति बनाई है। प्रदेश कांग्रेस के अलावा युवा और महिला कांग्रेस ने भी अपने-अपने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। चुनाव के लिए बनाए गए प्रभारी प्रत्याशी चयन को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ एक दौर की बैठक कर चुके हैं।

## राजनाथ, गडकरी आज बाड़मेर में लैडिंग फील्ड का करेंगे अवलोकन





**जयपुर (ए)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एमरजेंसी लैंडिंग फील्ड (ईएलएफ) का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे नौ सितंबर, 2021 को राजस्थान के बाड़मेर के दक्षिण में गांधव-बाखासर सेक्शन (राष्ट्रीय राजमार्ग-925) पर एमरजेंसी लैंडिंग फील्ड पर वैमानिक गतिविधियों का अवलोकन करेंगे। यह पहली बार है जब किसी राष्ट्रीय राजमार्ग का उपयोग भारतीय वायुसेना के विमानों की एमरजेंसी लैंडिंग के लिये किया जायेगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-925ए पर सत्ता-गांधव के 41/430 किमी से 44/430 किमी के तीन किलोमीटर लंबे हिस्से को भारतीय वायु सेना के लिये एमरजेंसी लैंडिंग फील्ड (ईएलएफ) के रूप में तैयार किया है। लैंडिंग सुविधा, अभी हाल में विकसित खंडज़े से बने ऊंचे किनारे वाले (फुटपाथ के रूप में) दो लेन के गगरिया-भाखासर तथा सत्ता-गांधव सेक्शन का हिस्सा है। इसकी कुल लंबाई 196.97 किमी है और इसकी लागत 765.52 करोड़ रुपये है। इसे भारतमाला परियोजना के तहत निर्मित किया गया है। इस परियोजना से बाड़मेर और जालौर जिले के सीमावर्ती गांवों के बीच संपर्कता में सुधार होगा। यह हिस्सा पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है और इससे भारतीय सेना की सतर्कता बढ़ेगी और देश की अधोसंरचना भी मजबूत होगी। इस एमरजेंसी लैंडिंग स्ट्रिप के अलावा वायुसेना/भारतीय सेना की जरूरतों को ध्यान में रखते हुये कुंदनपुरा, सिंघानिया और भाखासर गांवों में 100 इनटु 30 मीटर आकार के तीन हेलीपैड भी बनाये गये हैं। इस निर्माण से भारतीय सेना तथा देश की पश्चिमी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी। ईएलएफ का निर्माण 19 महीनों के भीतर कर लिया गया था। ईएलएफ के लिये निर्माण कार्य की शुरूआत जुलाई 2019 में हुई थी और उसे जनवरी 2921 में पूरा कर लिया गया।

## फारूक अब्दुल्ला ने कहा, तालिबान अच्छा शासन करेगा, बीजेपी ने फारुक के बयान पर किया पलटवार

**नई दिल्ली (ए)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला अफगानिस्तान में तालिबान के सरकार गठन पर प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि अफगानिस्तान में तालिबान अच्छा शासन करेगा।हालांकि उनके बयान का बीजेपी ने विरोध किया है।श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में फारूक अब्दुल्ला ने कहा है, मुझे उम्मीद है कि अफगानिस्तान में तालिबान इस्लामिक नियमों के आधार पर अच्छा शासन करेगा और मानवाधिकारों का सम्मान करेगा। उन्हें सभी देशों के साथ दोस्ताना संबंध बनाने चाहिए।

उधर अब्दुल्ला के बयान पर बीजेपी ने विरोध जताकर पलटवार किया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम और बीजेपी नेता निर्मल सिंह ने कहा है कि तालिबान महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है और



फारूक अब्दुल्ला उसका पक्ष ले रहे हैं।उन्होंने कहा कि जिस देश में मुस्लिम अल्पसंख्यक हैं, वहां फारूक सेक्युलरिज्म चाहते हैं और जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, वहां वह इस्लामिक नियम चाहते हैं। बता दें कि अब्दुल्ला इससे पहले भी विवादित बयान देते रहे हैं। वहीं कुछ दिनों पहले फारूक ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में अगला विधानसभा चुनाव नेशनल कॉन्फ्रेंस जीतेगी। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद उन्होंने पहली बार संकेत दिया कि उनकी पार्टी चुनाव में हिस्सा लेगी।उन्होंने कहा था कि उन्हें इसका पछतावा है कि उनकी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में 2018 में हुए पंचायत चुनाव तथा 2019 में हुए खंड विकास परिषद (बीडीसी) चुनाव में भाग नहीं लिया।

**घर-घर जाकर टीकाकरण के आदेश नहीं दे सकते:** सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना के खिलाफ घर-घर जाकर टीकाकरण के आदेश देने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि देश में टीकाकरण की प्रक्रिया ठीक चल रही है।इसके बाद ये आदेश जारी नहीं किए जा सकते हैं।जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, विक्रम नाथ और हिमा कोहली की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी।हालांकि, बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर 30 जुलाई से बीएमसी ने बिस्तर से उठने में अक्षम नागरिकों को वैक्सीन लगाने के लिए डोर-टू-डोर अभियान की शुरुआत की थी।

## यह नहीं माना जा सकता दूसरी लहर में सभी मौतें चिकित्सकों की लापरवाही ले हुई : सुप्रीम कोर्ट


**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अदालतें यह मानकर नहीं चल सकतीं कि वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के दौरान कोविड-19 से हुई सभी मौतें लापरवाही के कारण हुई हैं। शीर्ष अदालत ने मृतकों के परिजनों को चिकित्सकीय लापरवाही मानकर मुआवजे का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने याचिकाकर्ता दीपक राज सिंह से कहा कि वह अपने सुझावों के साथ सक्षम प्राधिकारियों के पास जाएं। पीठ ने कहा, यह नहीं माना जा सकता है कि कोरोना संक्रमण



की वजह से हुई हर मौत लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने कहा कि दूसरी लहर का पूरे देश में ऐसा प्रभाव पड़ा कि यह नहीं माना जा सकता कि सभी मौतें लापरवाही के कारण हुईं। अदालतें यह मानकर नहीं चल सकतीं कि कोरोना से हुई सभी मौतें चिकित्सकीय लापरवाही के कारण हुईं, जैसा आपकी याचिका में दावा किया गया है। शीर्ष अदालत ने 30 जून के एक हालिया फैसले का हवाला दिया, जिसमें उसने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को कोरोना के कारण मरने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों को अनुग्रह राशि के लिए छह सप्ताह के भीतर उचित दिशा-निर्देशों की अनुशंसा का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उस फैसले में अदालत ने मानवता के संबंध में अपना दृष्टिकोण रखा था न कि लापरवाही के कारण। सरकार को अब भी इस संबंध में एक नीति लानी है। यदि आपके पास उस नीति के कार्यान्वयन के बारे में कोई सुझाव है, तो आप सक्षम प्राधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।







# पार्टी को सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी बनाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका : राजू बाथम






शिवपुरी।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान चलाया है जिसमें प्रत्येक बूथ पर स्वयं सेवकों की टीम गठित कर उन्हें प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है इसी क्रम में नगर मंडल द्वारा प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन स्थानीय युवराज होटल में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम मुख्य वक्ता आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश राठौर विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक खंडेलवाल डॉ रश्मि गुप्ता एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विपुल जेमिनी एवं शिवम दुबे मंचासीन रहे। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने कहा कि हमारे काम, व्यवहार, नीतियां और कार्यपद्धति के कारण देश में हमारी पहचान पार्टी विथ डिफरेंस के रूप में होती है। हमारे कार्यकर्ताओं में अपार क्षमताएं हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का विराट स्वरूप और सभी समाज-वर्गों में पहुंच है, तो वह कार्यकर्ताओं के कारण है। पार्टी को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाने में मोर्चा प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ''सबका साथ-सबका विकास'' और सबका विश्वास की बात कहते हैं, तो वह हमारे संगठन विस्तार में भी प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा पितृ पुरूष स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्मशताब्दी वर्ष-संगठन पर्व के दौरान अपने कार्य विस्तार को सुदृ?ीकरण की दिशा में काम करें। जहां हम कमजोर है, वहां पूरी ताकत के साथ काम करें। उन्होंने बात हमने प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता को अपने कार्य में निपुण और तथ्य दक्ष बनाने के लिए समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करती है इसी क्रम में आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक प्रशिक्षण वर्ग नगर मंडल द्वारा आयोजित किया गया है इसमें कार्यकर्ता पारंगत होकर अपने बूथ पर मजबूती के साथ कार्य करेंगे।। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता डॉ राकेश राठौर ने कहा कि कोरोना की पहली लहर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सामाजिक भूमिका निभाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सेवा ही संगठन अभियान का आव्हान किया, तो कार्यकर्ता सेवा कार्य में लग गये। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कई दिनों से नंगे पांव चल रहे श्रमिकों को चप्पल पहनाने का काम किया तो निःशुल्क राशन और भोजन वितरण का अभियान भी हाथ में लिया। उन्होंने कहा कि राजनीति तो हम करते रहेंगे, लेकिन हमारा धर्म राजनीति के साथ सामाजिक भूमिका का निर्वहन करते रहना है। पूरी दुनिया में पहली बार ऐसे संकट में किसी राजनीति दल ने इतनी प्रभावी सामाजिक भूमिका निभाई तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी ही है। कोरोना लहर में व्यापक संकट था, लेकिन संगठन ने आपदा प्रबंधन और सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स ने मिलकर काम किया। जिसके सार्थक परिणाम सामने आये। इस प्रशिक्षण वर्ग में आए हुए सभी स्वयंसेवक अपने अपने बूथ पर मजबूती के साथ कोरोनावायरस की लहर से निपटने के लिए तैयार रहेंगे और वैक्सीनेशन महा अभियान में अपनी महती भूमिका निभाते हुए कोरोना कवच को ढाल बनाकर कार्य करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन नवनीत सेन एवं आभार अमरदीप शर्मा ने किया इस प्रशिक्षण वर्ग में जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी के स्वास्थ्य स्वयंसेवक मतदान केंद्र अध्यक्ष पालक संयोजक आदि उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ का कलेक्ट्रेट पर हंगामा




**शिवपुरी।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर हंगामा कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि अतिवृष्टि एवं बाढ़ की वजह से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा सर्वे दल गठित किए गए हैं। लेकिन हल्का पटवारी एवं सर्वे दल द्वारा ठीक से सर्वे नहीं किया जा रहा है। जांच दल सभी किसानों के पास तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिस वजह से किसानों को उचित मुआवजा राशि नहीं मिल सकेगी। वहीं तीन वर्षों से किसानों को फसल बीमा की राशि नहीं मिल पा रही है आज तक किसान कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। किसानों की फसल खत्म होने से वह कंगाल हो गए हैं। लेकिन इसके बाद भी बिजली बिल की वसूली के लिए लगातार बिजली कर्मचारी किसानों पर दबाव बना रहे हैं गांव से डपी उठवाई जा रही है। कोरोना काल में किसानों की मौत कोरोना से हुई लेकिन उनको मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिले उन्हें दिलाया जाए। आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## आर्दश नगर में लाखों का सामान चुरा ले गए चोर, सीसीटीव्ही में कैद

शिवपुरी।

शहर के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आदर्श कॉलोनी में बीती रोज दिन दहाड़े एक सूने मकान में अज्ञात चोरों द्वारा घुसकर लाखों रूपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया हैं। जबकि चोरी को अंजाम देने



वाले चोर सीसी टीव्ही कैमरे में कैद हो गए हैं। मकान मालिक को इस बात की जानकारी शाम को लगी तब वह अपने मकान में गया। मकान मालिक राजकुमार जैन ने बताया कि मकान के अंदर रखी गोदरेज की अलमारी शब्बल के माध्यम से तोड़ दी गई और उसके अंदर रखे सोने, चांदी के गहने जिसमें पुराने समय के चांदी के सिक्के, सोने की चैन, अंगूठी, नए 2, 5 के नई नोटों की गड्डी, के साथ लगभग 80 हजार रूपए व चांदी के नमोकार मंत्र, महावीर स्वामी चित्र बना सोने का सिक्का सहित अन्य कीमती सामान ले जाने में सफल रहे हैं। जिसकी जानकारी मकान मालिक राजकुमार जैन ने बीते रोज एक आवेदन के माध्यम देहात थाने में की हैं। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला संज्ञान में ले लिया हैं। यहां उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि पिछले एक सप्ताह में शहर पॉश कॉलोनी आदर्श नगर चार घटनाऐं घटित हो चुकी हैं। लेकिन पुलिस भी इन चोरी घटनाओं पर ध्यान नहीं दे रही हैं।

## महंगाई का विरोधः डीजल-पेट्रोल व रसोई गैस के बढ़ते दामों के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



शिवपुरी। शहर जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के ब?ते दामों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। शिवपुरी महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदु जैन नेतृत्व में जिला महिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में केन्द्र सरकार की ओर से निरंतर ब?ाए जा रहे पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के ब?ते दामों के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपा। महिला कांग्रेस अध्यक्ष इंदु जैन ने कहा कि मोदी सरकार लगातार जनता का शोषण कर रही है। देश में पेर्टोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे अन्य जरूरी वस्तुओं के दामों में इजाफा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहंचाने जनता पर जबरन महंगाई थोप रही है। पूरी दुनिया में में कच्चे तेल की कीमतें घ्ङट रही हैं लेकिन पूरे विश्व में भारत एक ऐसा देश है जहां पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। एक ओर कोरोना की मार से लोग बेरोजगार है, व्यापार बंद हैं, लोगों के हाथ में काम नहीं है। वहीं केंद्र और राज्य सरकार जरूरी वस्तुओं पर टैक्स को कम करने की बजाए और बढ़ा रही है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं राजकुमारी खान, शिल्पी राठौर, राजकुमारी जाटव, रूपाली खंडेलवाल, राजकुमारी शर्मा, गीता खटीक, रविंद्र अरोरा, मीना जाटव, मीना, रानी, रामसखी जाटव, ज्योति धाकड़, संगीता खत्री, भावना अहिरवार, गीता जोशी, बिंदु जाटव, राधाा कुशवाह, शिवानी राय, प्रिया ने प्रतीकात्मक रूप् से गैस सिलेंडर रख रोटियां भी बनाकर आम जनता को खिलाई। ज्ञापन सौंपते समय सैकड़ा महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थीं।

## युवक चिल्लाता रहा,चोर अपनी बाईकें छोडकर दो बाईके ले उडे, पुलिस देखती रही तमाशा



शिवपुरी।

खबर शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र के माधव चौक स्थिति चाबी घर और राजेश्वरी रोड से आ रही है। जहां चोरों ने एक के बाद एक दो अलग अलग बाईक चोरी की बारदातों को अंजाम दिया है। यह बारदातें चोरों ने फरियादी के सामने की है। जिसमें फरियादी चोर के पीछे भागता रहा परंतु चोर बाईक लेकर फरार हो गए। इस दौरान पीडित ने चौराहे पर खडे पुलिसकर्मीयों से मदद मांगी तो उन्होंने भी डायल 100 को फोन लगाने की सलाह देकर युवक को चलता कर दिया।

जानकारी के अनुसार पहली बारदात चावी घर के सामने स्थिति मिक्स स्टोर से आ रही है। जहां चोरों ने बालकिशन झा निवासी बडा गांव बडौदी अपनी स्पेण्डर बाईक क्रमांक एमपी 33 एस एक्स 7734 से कपडे की दुकान पर कपडे खरीदने आया था। जैसे ही कपडे खरीदकर वह बाहर निकला तो एक चोर युवक की बाईक को लेकर भाग रहा था।

युवक ने चौराहे तक चोर का पीछा किया परंतु चोर भाग रहा था। जिसके चलते युवक ने चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मीयों से मदद मांगी और चोर का बताया तो उन्होंने भी महज यह कहकर युवक को चलता कर दिया कि वह इस मामले की शिकायत डायल 100 को करें। उसके बाद युवक मौके पर पहुंचकर सीसीटीव्ही फुटैज खंगाले तो सामने आया कि युवक अपनी गाडी मौके पर छोड गया है। जिसे पुलिस ने कोतवाली में रखबा लिया है। दूसरी बारदात राजेश्वरी रोड स्थिति डिजीनेट की है। जहां फरियादी चिराग जैन निवासी कृष्णपुरम कॉलोनी जो कि डिजीनेट का कर्मचारी है। वह अपनी बाईक क्रमांक एमपी 33 एमपी 3213 को बाहर खडाकर काम कर रहा था। तभी एक युवक डिजीनेट पर आया और बातचीत कर बापिस चला गया। उसके बाद उक्त युवक चिराग की बाईक लेकर चला गया और अपनी बाईक छोड गया। उक्त बाईक पंकज महेश्वरी निवासी शिवानगर गुलाब सहाब की दरगाह के नाम पर बताई जा रही है। फरियादी जब उक्त पते पर पहुंचा तो वहां घर में ताले लगे मिले। इस मामले की शिकायत पर पुलिस हमेशा की तरह मामले की जांच में जुट गई है।

## पेंशनर एसोसिएशन करैरा की मासिक बैठक सम्पन्न

### प्रभु दयाल गुप्ता बने कार्यकारी अध्यक्ष और मोहन स्वरूप तिवारी बने प्रचार सचिव





करैरा। स्थानीय गायत्री मंदिर करैरा पर पेंशनर एसोसिएशन इकाई करैरा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक सक्सेना ने आनलाइन संबोधित किया, उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि हमें अपने हकों की लड़ाई के लिए संगठित होने की आवश्यकता है और एक दूसरे के सहयोग के लिए तैयार रहना चाहिए।अशोक सक्सेना ने बताया कि हमें हमारे हक पूरे हक माँगने का अधिकार है और हम इसकी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। के इकाई करैरा के एसोसिएशन अध्यक्ष इंजीनियर एस.पी.श्रीवास्तव ने आग्रह किया कि सभी सदस्य मिलकर नवीन सदस्यता के अभिनव प्रयास कर संगठन को मजबूत बनायें. बैठक में प्रभु दयाल गुप्ता को कार्यकारी अध्यक्ष तथा मोहन स्वरूप तिवारी को प्रचार सचिव मनोनीत किया गया। बैठक में विशेष रूप से वेदप्रकाश दुबे, शिवशंकर वर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, नवलकिशोर दुबे, गोपाल कृष्ण चौरसिया, विष्णु प्रसाद जोशी, श्याम लाल जोशी, सतीश श्रीवास्तव, प्रभु दयाल गुप्ता, मातादीन रासमेरिया, नवलकिशोर स्वर्णकार, मोहन स्वरूप श्रीवास्तव, बाबूलाल कोली, बजरंग सिंह राजपूत, रामकृष्ण तिवारी, बृंदावन शर्मा, प्रभु दयाल शर्मा, शंभू दयाल भार्गव, विष्णु प्रसाद मिश्रा, मोहन स्वरूप तिवारी, रवींद्र कुमार शर्मा, विष्णु चरण शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। प्रति माह की पहली तारीख को बैठक होना सुनिश्चित किया गया।

## वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने में सभी की सक्रिय भूमिका जरूरीः कलेक्टर

शिवपुरी। कोरोना से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन ही एक उपाय है। वैक्सीनेशन के लिए पूरे प्रदेश के साथ ही शिवपुरी जिले में भी अभियान चलाकर काम किया जा रहा है ताकि 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को कवर किया जा सके। बुधवार को भी वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी टीमों को निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को उन्हें आवंटित क्षेत्र में भ्रमण करने और निगरानी के निर्देश दिए थे। उन्होंने सभी टीमों को सक्रिय होकर समय पर अपने केंद्र पर पहुंचने और जहां डिमांड अधिक है वहां वैक्सीनेशन पहुंचाने आदि के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। स्थानीय स्तर पर आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित विभिन्न विभागों की टीम को आपसी समन्वय से इस अभियान को सफल बनाने के निर्देश उन्होंने दिए। बुधवार को पूरे जिलेभर में चारों विधानसभा क्षेत्र में 171 केंद्र निर्धारित किए गए थे। इन केंद्रों पर पहुंचकर नागरिकों ने वैक्सीन लगवाई। शाम 5 बजे तक कि जानकारी अनुसार 25 हजार से अधिक लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसी प्रकार 17 सिंतबर को भी महाअभियान चलाया जाएगा।

## 4 मासूमों की मौत के बाद भी नहीं चेता प्रशासन, आज भी तालाब का पानी पीकर बीमार हो रहे है ग्रामीण

शिवपुरी।



जिले के कोलारस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बेरसिया पंचायत के कालोनी ग्राम मे ग्रामीण तालाब का दूषित पानी पीने से बीमार हो रहे हैं ग्रीष्म काल में भी इसी गांव में दूषित पानी पीने से 4 बच्चों की पूर्व में मौत के बावजूद प्रशासन नहीं चेता और हालात यह है कि गांव में बीमारी लगातार फेल रही है। विकास के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम रही है।लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं भारी बारिश के बावजूद बेरसिया कालोनी आदिवासी बाहुल्य ग्राम के हेडपंप कई महीनों से खराब बना हुआ हैं। इस बारिश के मौसम में भी ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज होते दिखाई दे रहे हैं गाँव करीब 300 की आबादी बाला गांव पानी के लिए पूरी तरह त्रस्त है गांव में पढने् की उम्र में बच्चे पानी ढोते नजर आते हैं। जानकारी के अनुसार बेरसिया कालोनी ग्राम में आदिवासी बस्ती बसी हुई है ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग 8 माह से करीब 2 कि.मी. दूर तालाब से पानी लाकर अपना काम चला रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर हम कई बार शिकायत कर चुके हैं गांव में खराब हुए हेडपंप की मरम्मत कराने के लिए कई बार जनप्रतिनिधि व प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। जब एक हैंडपंप मे मोटर डाली उसके तुरंत बाद से ही लाइट काट दी गई सुखदेव आदिवासी का कहना था यहां हर घर में दूषित पानी पीने से बच्चे बीमार हैं नेता सिर्फ चुनाव में ही नजर आते हैं ऐसे कोई भी यहां नहीं आता है हम पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

### इनका कहना है

यह मामला आपके द्धारा संज्ञान में लाया गया है। मेने अभी ज्योईन किया है। अगर चार मासूमों की मौत दूषित पानी पीने से हुई है और उसके बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल रहा तो यह गंभीर मामला है। में सीईओ से बात करता हूं।

**बृजविहारी श्रीवास्तव, एसडीएम कोलारस।**

## मन की शांति के लिए हिमाचल से कन्याकुमारी तक पैदल ही घर से निकल चुका हैं यह स्टूडेंटः दे रहा है संदेश

शिवपुरी। मन में जज्बा और कुछ करने का जुनून सिर पर सवार हो तो फिर दुनिया की हर मंजिल छोटी लगने लगती है ऐसा ही एक साहस दिखाया है हिमाचल प्रदेश के नवयुवक 23 वर्षीय हितेश सोनी ने, जो हिमाचल प्रदेश से पैदल चलकर कन्याकुमारी जाने का प्रण लेकर चला है और उसने यह प्रण 100 दिन में पूरा करने का भी मन में ठाना है। हितेश पिछले 41 दिन से लगातार चलकर विगत दिवस शिवपुरी पहुंचा वहां पहुंचने पर जहां एक निजी होटल में उसके सोशल साइट से फ्रेंड बने सत्यम शर्मा ने उनके ठहरने की व्यवस्था कराई जहां पर सुबह से शाम तक मिलने वालों की भीड़ लगी रही। हितेश के चाहने वालों की दीवानगी इसी बात से देखी जा सकती है कि शिवपुरी से 50 किलोमीटर दूर करैरा के पास से पैदल चलकर आयुष नाम का युवक जो हितेश को अपना आदर्श मानता है।उससे मिलने पहुंचा और उसके साथ पदयात्रा करने हेतु आग्रह किया लेकिन हितेश ने इस हेतु मना कर दिया आयुष शिवपुरी में प्रवेश करते ही हितेश के साथ पदयात्रा करते हुए अस्पताल चौराहे पर स्थित होटल पर पहुंचा जहां पर सोशल साइट के माध्यम से बहुत कम समय में अपनी फॉलोअर्स लिस्ट बढ़ाने वाले हितेश के चाहने वालों की लाइन लगी रही। हितेश को उपहार स्वरूप कुछ ना कुछ अपने साथ लेकर आ रहे थे और सभी के आग्रह पर हितेश ने शिवपुरी में दो दिन बिताने का अपना मन भी बनाया है। इस दौरान वह कुछ बेहतरीन आर्किटेक्चर वाले स्मारक या प्राकृतिक स्थलो को देखना चाहता है।

### वर्दी के रौब में भूले इंसानियत...

# रावतपुरा थाना पुलिस ने जानवरों की तरह की निर्दोष की मारपीट





भिण्ड। वर्दी का रोब पुलिस वालों पर इस कदर सर चढ़कर बोल रहा है कि इंसानों को पल भर में जानवरों की तरह पीटने पर उतारू हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला लहार तहसील के रावतपुरा थाने का है। जहां भैंस दबंगों के खेत में चले जाने से दलित परिवार से मारपीट की गई। वहीं जब दलित परिवार रिपोर्ट दर्ज कराने रावतपुरा थाना पहुंचा तो पुलिसकर्मियों ने भी पीड़ित की रिपोर्ट न लिखते हुए उसी के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए।

जानकारी के मुताबिक थाना रावतपुरा अंतर्गत ग्राम चिरावली में मंगलवार की दोपहर ज्ञानसिंह बघेल की पत्नी अपने खेतों में भैंस चरा रही थी, भैंस चरते हुए पड़ोसी खेत मालिक रामजीलाल दुबे के खेत में पहुंच गई। जिसके बाद दबंगों ने ज्ञानसिंह बघेल की मारपीट की। मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने फरियादी ज्ञान सिंह बघेल रावतपुरा थाना पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने फरियादी की एफआईआर न लिखते हुए उल्टा फरियादी के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब देर शाम तक ज्ञानसिंह बघेल अपने घर नहीं पहुंचे तो फरियादी की पीड़ित पत्नी रावतपुरा थाने पहुंची। जहां पीड़िता को उसके पति से मिलने नहीं दिया और पुलिस द्वारा पीड़िता के पति के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़िता अपनी फरियाद लेकर लहार विधानसभा के विधायक डॉ. गोविन्द सिंह के पास पहुंची तो उन्होंने पति को छुड़वाया और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने आरक्षकों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं। विधायक डॉ. सिंह ने बताया कि यदि ऐसा नहीं होता है तो 19 सितम्बर को वे अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ रावतपुरा थाने का घेराव करेंगे। पीड़ित महिला ने बताया कि मंगलवार की रात जब मैं अपने पति से मिलने रावतपुरा थाने पहुंची तो उन्होंने मुझे मेरे पति से मिलने नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर कमरे से महिला के पति के साथ मारपीट हो रही थी। पीड़िता ने जब जबरदस्ती कमरे में घुसकर देखा तो पीड़िता के पति पर आर. गौरवसिंह, आर. आलोक राठौर एवं आर.महेन्द्र सिंह द्वारा ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई जा रही थी। पीड़िता ने पुलिसकर्मियों से जानवरों की तरह मारपीट न करने की गुहार लगाई। महिला गिड़गिड़ाती रही पर पुलिस वालों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। पुलिस उसे किस बात पर मार रही थी शायद ये बात वो खुद न बता पाये।

#### इनका कहना है :

भिण्ड जिले के थानों में तालिबानी राज्य स्थापित हो चुका है। थाना प्रभारी दबंगों के मिलकर गरीब, दलितों के साथ अत्याचार पर आमदा हो जाते हैं। जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। पीड़िता के पति के साथ जो जानवरों जैसा जुल्म किया गया है उसके खिलाफ मैंने भिण्ड एसपी से आरक्षकों को सस्पेंड करने की बात कही है यदि ऐसा नहीं हुआ तो मैं और मेरी पार्टी के कार्यकर्ता 19 सितम्बर को रातवपुरा थाने का घेराव करेंगे।

**डॉ. गोविन्द सिंह विधायक लहार**

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत निर्धन एवं गरीब वर्ग के लोगों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

### 03 सितम्बर से 10 सितम्बर तक कैम्पो के आयोजन में मछन्ड इंडेन का केम्प पचोखरा गांव में सम्पन्न



भिण्ड। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 03 सितम्बर 2021 से भिंड जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत निर्धन एवं गरीब वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किए जा रहे है। इस हेतु कैंपों का आयोजन में मछन्ड इंडेन ग्रामीण बितरण द्वारा ग्राम पचोखरा में केम्प का आयोजन किया गया जिसमे हितग्राहियों के आधार कार्ड, बैंक खाता लेकर केवाईसी ली गई प्रधानमंत्री उज्वला योजना अन्तर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन हेतु प्रेमकुअर पत्नी / छोटेलाल, रूमा पत्नी / जुड़ान, प्रीति पत्नी/ अजय सिंह, विनीता / पत्नी शिवशंकर आदि हित ग्राही से केवाईसी ली जिसमे मछण्ड इण्डेन के संचालक प्रताप सिंह पाल, के द्वारा एजेंसी के स्टाफ के साथ डोर टू डोर जाकर उज्वला योजना का लाभ दिलाने के लिए केबाइसी ली इस दौरान ग्राम के समाज सेवी अजय सिंह, श्रीकान्त, रवि, राजेश प्रभूदयाल, राहुल, बनबारी सहित अन्य ग्रामीण जनों का सहयोग प्राप्त रहा।

## छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपये का अर्थदण्ड

भिण्ड, ब्यूरो।

न्यायालय समरेश सिंह, पंचम सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) भिण्ड की अदालत में छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में अभियोजन का संचालन हेमलता आर्य विशेष लोक अभियोजक जिला भिण्ड द्वारा किया गया है।

सहायक मीडिया सेल प्रभारी कु. मनोरमा शाक्य द्वारा बताया गया कि 05 मई 20 को शाम करीब 05:30 बजे अभियोक्त्री अपने घर के बगल में अपने खेत पर भैंस के लिये चारा काट रही थी, तभी वहॉ थानसिंह उर्फ खरगोले कुशवाह आया और उसने बुरी नियत से अभियोक्त्री का हाथ पकड़ लिया। अभियोक्त्री चिल्लाई तो उसकी मम्मी/अभियोक्त्री की मॉ व चाचा आ गये, जिन्हें देखकर अभियुक्त भाग गया। अभियोक्त्री द्वारा पुलिस थाना फूप में दिनांक 06 मई 20 को उपस्थित होकर थाना फूप में अपराध क्र.-127/2020 धारा 354 भादंसं एवं अधिनियम की धारा 7 व 8 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई और प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषी पाते हुए दोषसिद्धि का निर्णय पारित किया। पंचम सत्र न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात् अभियुक्त थानसिंह के विरूद्ध अपराध किया जाना प्रमाणित पाते हुए धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## दंदरौआ धाम में आयोजित होने वाला बुढ़वा मंगल मेला स्थगित

भिण्ड । जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए दंदरौआ धाम में बुढ़वा मंगल पर आयोजित होने वाले आयोजन/मेले आदि को स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बताया कि कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए दंदरौआ धाम में बुढ़वा मंगल पर आयोजित होने वाले आयोजन/ मेले आदि को स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मेले/आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते है, वर्तमान में कोरोना वायरस का संक्रमण पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है तथा बुढ़वा मंगल में आयोजित होने वाले आयोजन/ मेले में प्रदेश व अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं में कोरोना वायरस के संक्रमण फैलने की प्रबल संभावना है। अतः म.प्र. शासन गृह विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के दिशा निर्देशों के अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19 ) संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये जिला भिण्ड की तहसील मेंहगांव में स्थित दंदरौआ धाम में बुढ़वा मंगल पर आयोजित होने वाले आयोजन/ मेले आदि को स्थगित किये जाने हेतु प्रशासनिक निर्णय लिया जाता है इसके अतिरिक्त कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के संबंध में जारी प्रोटोकॉल का पालन धार्मिक/पूजा स्थल के प्रबंधन को कराना बंधनकारी होगा।

## कोरोना भगाना है टीकाकरण कराना है...




### एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर गांव वालों को किया जागरूक

भिण्ड। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 भिंड के स्वयंसेवकों ने कुम्हरौआ गांव, रेमजापुरा पहुंचकर लोगों से घर-घर जाकर संपर्क किया तथा रैली निकाल निकालकर टीकाकरण के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित किया ।स्वयं सेवकों ने पांच टोलियां बनाकर घर-घर लोगों से संपर्क किया और उन्हें टीकाकरण केंद्र गायत्री मंदिर पर ले जाकर उनको वैक्सीन लगवाई। टीकाकरण मोबाइल टीम प्रभारी डॉ इब्राहिम जिला जिला चिकित्सालय भिंड एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। टीकाकरण महा अभियान का यह कार्यक्रम जिलाधीश डॉ सतीश कुमार एस के आव्हान एवम निर्देशन में तथा प्राचार्य पीएस चौहान एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में किया गया। स्वयंसेवक रानू चौधरी,लल्लन बर्मा एवं हरेंद्र गौतम के द्वारा भी स्वयं टीकाकरण का फर्स्ट डोज लगवाकर गांव वालों को प्रोत्साहित किया गया। भिंड तहसीलदार ममता शाक्य एवं नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा भी भ्रमण के दौरान केंद्र पर पहुंचे। इस दौरान गांव के बच्चों और लोगों को इकट्ठे कर मंदिर पर साक्षरता दिवस भी मनाया गया तथा लोगों को शिक्षा के महत्व के बारे में अवगत कराया एवं उन्हें साहित्य प्रदान किया गया। कार्यक्रम गायत्री परिब्रजक देवेंद्र सिंह कुशवाह की अध्यक्षता एवं डॉक्टर इब्राहिम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि आशुतोष शर्मा ,यीशु त्रिपाठी एवं बहन निवेदिता द्व मंचासीन रही। संचालन एवं आभार एनएसएस प्रभारी धीरज सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। भारत को साक्षर बनाने में युवाओं का योगदान विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगितायें भी कराई गई।भाषण में संजयदत्त शर्मा प्रथम, अंशिका जैन द्वितीय और पूजा यादव तृतीय स्थान पर रहे। निबंध में विशाल शर्मा प्रथम, संजय दत्त शर्मा द्वितीय एवं उदय प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गीत और काव्य पाठ के क्रम में ऋतु शर्मा, रानू चौधरी एवं संजय दत्त शर्मा ने शिक्षाप्रद रचनाएं प्रस्तुत की। कवि आशुतोष शर्मा एवं ईशू त्रिपाठी ने साक्षरता पर उत्कृष्ट मुक्तक सुनाए।अंत में सभी ने साक्षरता की शपथ ली। कि मैं साल में कम से कम एक व्यक्ति को अवश्य साक्षर करूंगा। इस अवसर पर स्वयंसेवक शाहरुख खान, रानू चौधरी पूजा यादव, गौरी रितु शर्मा, पूजा शर्मा,अदिति, हरेंद्र गौतम ,संजय दत्त शर्मा विशाल, उदय प्रजापति, खुशी जैन, शिव प्रताप, हर्ष, गिर्राज, अभय, सौरभ भदोरिया, सचिन, प्राची गुनगुन, निकिता, रितिक अनुज यादव, आर्यन बोहरे आदि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर एक दिवसीय व्याख्यान संपन्न



मेहगांव। मप शासन के उच्च शिक्षा गुणवत्ता परियोजना के तहत बीते बुधवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके विषय विशेषज्ञ भगवत सहाय महाविद्यालय ग्वालियर के भूगोल के प्राध्यापक डॉ. ए.एस तोमर रहे, जिन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं का पर्यावरण का दिन प्रतिदिन की गतिविधियों के माध्यम से कैसे संरक्षित कर सकते हैं? यह छात्र छात्राओं को अवगत कराया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के सक्सेना ने की जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिये अंतरराष्ट्रीय एंव राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के माध्यम मे निश्चित ही मप उच्च शिक्षा गुणवत्ता परियोजना के उदेश्यो की छात्र छात्राओं को जागरूक करने सफल रहेगी। व्याख्यान का संचालन राधाकृष्ण शर्मा सहा प्राध्यापक ने किया एंव आभार प्रदर्शन उच्च शिक्षा गुणवत्ता परियोजना के प्रभारी सहा प्रध्यापक अनुग्रह दत्त शर्मा ने किया। एनसीसी अधिकारी ले. आरके डबरिया एनएसएस प्रभारी श्रीमती गिरजा नरवरिया, प्रियंका सिह बिसेन, आलोक मिश्रा, सुनील बंसल, डॉ. हर्सद मिश्रा, दुर्गेश गुप्ता, राधाकृष्ण शर्मा, अनिल त्यागी, शिवप्रकाश नरवरिया, बंदना श्रीवास्तव, शैलेंद्र रमन, एंव सुशील चौधरी आदि समस्त स्टाप उपस्थित रहा।

## 17 सितम्बर तक शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो जाये : कमिश्नर आशीष सक्सेना

### बाढ़ से जिन किसानों के खेतों की मिट्टी कट गई है, जानकारी भिजवायें



भिण्ड । चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के अपर कलेक्टरों एवं सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी सिंह का जन्मदिन है। इस दिन ग्वालियर और चंबल संभाग के सभी जिलों में शतप्रतिशत लोगों को वैक्सीन लग जाये।

कमिश्नर श्री सक्सेना ने सभी अपर कलेक्टरों एवं बाढ़ प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ से जिन किसानों के खेतों की मिट्टी कट गई है, ऐसे किसानों की सूची 8 सितम्बर को कलेक्टर बैठक में संबंधित कलेक्टर अपने साथ लेकर आयें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बहकर रेत आ गई है, उस रेत को खेतों से हटवायें। चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना मंगलवार को वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि हर हाल में 17 सितम्बर तक शत-प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लग जाये। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर जाकर वैक्सीन नहीं लगे लोगों की सूची बनाकर ब्लॉक मेडीकल ऑफीसर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भिजवायें। सूची के अनुसार शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण होना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी जिलों को पर्याप्त डोज (वैक्सीन) भेजी जा चुकी है। सिरिन्ज की कहीं कोई दिक्कत हो सकती है, उसकी भी पूर्ति एक या दो दिन में कर दी जायेगी। वर्तमान में सभी जिलों के पास दो, तीन दिनों के लिये सिरिन्ज का भी स्टॉक होगा।

कमिश्नर ने कहा कि अगर कहीं किसी जिलों को 17 सितम्बर तक लक्ष्य पूर्ण करने में कोई दिक्कत आ रही हो, तो वे कलेक्टर के समक्ष पूरी प्लानिंग करके, चाहे रात-दिन काम करना पड़े। 17 सितम्बर 2021 को लक्ष्य पूरा होना चाहिये। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक हेल्थ डॉ. दीक्षित को निर्देश दिये कि जो लोग बाहर चले गये है, उनके लिये शासन से मार्गदर्शन लें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों यह भी कहा कि जो लोग जिले से बाहर चले गये है, उनके मोबाइल नंबर आस-पड़ोस से लेकर उनसे चर्चा करें कि उन्होंने वैक्सीनेशन करा लिया अथवा नहीं। अगर नहीं कराया है तो वे उस स्थान पर वैक्सीन लगवा लें, जहां पर वे निवास कर रहे है। अगर उन व्यक्तियों को वैक्सीन लग गई है, तभी शासन-शतप्रतिशत वैक्सीन लगने का लक्ष्य मानेगा। जो लोग वैक्सीन नहीं लगवा रहें है, उनसे पुलिस की मदद ली जाये। समीक्षा के दौरान मुरैना के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एडी शर्मा ने अवगत कराया कि 5 लाख 32 हजार लोगों को वैक्सीन लगना है। इस तरह प्रतिदिन 40-45 हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया जायेगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि जौरा, कैलारस, खड़ियाहार, पहाडगढ़ से कुछ लोग मायग्रेशन हुये है। इनके संबंध में जानकारी एकत्रित कर डेटा तैयार किया जा रहा है। कुछ इलाके ऐसे है, जहां वैक्सीन नहीं लगवाने के लिये लोग लड़ाई, झगड़े पर उतारू हो जाते है, उन्हें भी पुलिस की मदद से वैक्सीन लगवाने का कार्य किया जायेगा। सीरिन्ज भी 12 हजार उपलब्ध है, कल तक सीरिन्ज प्राप्त हो जायेगी। भिण्ड के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अवगत कराया कि 5 लाख लोगों का वैक्सीनेशन होना है।

## नेशनल लोक अदालत में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का होगा निराकरण



भिण्ड । संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी ने समस्त कार्यालय प्रमुख को पत्र जारी कर कहा है कि 11 सितम्बर 2021 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन कोविड-19 की गाईडलाईन का पालन करते हुए एवं स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए किया जाना है जिसमें चिन्हित किये गये मुकदमापूर्व एवं न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य निम्न प्रकृति के प्रकरणों को निराकरण कराये।

# पैरालंपिक में परचम

टोक्यो पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया है। अबकी बार भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर 24वां स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों ने इस दौरान एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा आठ, शूटिंग में पांच, बैडमिंटन में चार, टेबल टेनिस और तीरंदाजी में एक-एक मेडल जीते। पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब भारत की पदक संख्या दोहरे अंकों में पहुंची है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2016 के रियो पैरालंपिक में रहा था, जहां उसने 2 स्वर्ण समेत 4 पदक जीते थे। पैरालंपिक खेलों की शुरुआत 1960 में हो गई थी, लेकिन भारत ने तेल अवीव पैरालंपिक (1968) में पहली बार भाग लिया था।1984 के पैरालंपिक से भारत इन खेलों में लगातार भाग लेता आया है। भारत ने टोक्यो से पहले 11 पैरालंपिक खेलों में हिस्सा लिया था, जिस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत कुल 12 पदक जीते थे। अब टोक्यो ओलंपिक में जीते गए 19 पदकों को मिलाकर यह संख्या 31 तक पहुंच गई है। सबसे खास बात यह है कि इनमें से 18 पदक भारतीय खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स इवेंट्स में जीते हैं। पैरालंपिक से पहले हालिया ओलंपिक खेलों में भी भारतीय खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। ओलंपिक के इतिहास में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 7 मेडल जीतकर 48वां स्थान हासिल किया था। एक ओर जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था। वहीं, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और रेसलर रवि दहिया ने सिल्वर मेडल हासिल किया। पहलवान बजरंग पुनिया, पीवी सिंधु, लवलीना बोरगोहेन और पुरुष हॉकी टीम ने भी यादगार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता था। पैरालंपिक खेल सामान्य ओलंपिक से इस मायने में विशेष माने जाते हैं कि इनमें उन्हीं खिलाड़ियों का चयन किया जाता है, जो किसी वजह से अपना कोई अंग गंवा चुके होते हैं, चाहे वह दुर्घटनावश हो या जन्मजात। इन प्रतियोगिताओं में उनकी जीत को उनके मनोबल और हुनर की दृष्टि से आंकने की जरूरत होती है। ये खिलाड़ी सबसे पहले तो खुद से संघर्ष करके इस मनस्थिति में पहुंचते हैं कि उन्हें खेलना है। फिर वे समाज की जड़ मानसिकता से लड़ते हैं, तब कहीं उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने और दुनिया के खिलाड़ियों के साथ स्पर्धा में खड़ा होने का अवसर मिल पाता है। पैरालंपिक में पहुंचने से पहले उन्हें खुद को तैयार करने के लिए पग-पग पर संघर्ष करना पड़ता है। इन खेलों की तैयारी के लिए जिस तरह के महंगे अत्याधुनिक संसाधनों की जरूरत पड़ती है, उन्हें जुटा पाना भी सबके वश की बात नहीं होती। फिर इन खेलों के लिए खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया भी कम कठिन नहीं होती। शारीरिक क्षमता के आधार पर इनका वर्गीकरण किया जाता है। इसके लिए अलग-अलग बिंदु तय हैं। इस बार के पैरालंपिक में भारत की तरफ से विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाओं के लिए चौवन खिलाड़ी पहुंचे थे। उनमें से बीस खिलाड़ी ऐसे हैं, जो या तो विश्व रिकार्ड बना चुके हैं या रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। हमारे देश में खेलों के प्रोत्साहन को लेकर जैसी शिकायतें रहती हैं, पैरालंपिक के खिलाड़ी भी उससे वंचित नहीं हैं। उन्हें भी उन्हीं स्टेडियमों में अभ्यास करना पड़ता है, जहां सामान्य ओलंपिक के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। पैरालंपिक खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षकों का अभाव महसूस होता है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि अगर उन्हें अच्छे प्रशिक्षक उपलब्ध हों, तो और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

# अपनी औलादों पर कितना गुमान !

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

हम जितने विकसित हुए उतने हृदयहीन भी गए पति -पत्नी माँ बाप बनने शादी के बाद यदि संतान नहीं होती तब पारिवारिक सामाजिक उलाहना झेलते हैं .उसके बाद डॉक्टर्स पीर पैगम्बर यहाँ वहाँ देवी देवताओं के चक्कर और फिर पूजा पाठ करते हैं .यदि भगवान की मर्जी और माँ बाप के प्रयास से संतानोतपत्ति होती हैं तब उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहता .उस समय यह महत्वपूर्ण नहीं होता की लड़की हुई या लड़का .उसके बाद यदि और दूसरी संतान होती हैं तो उनको अत्तएव आनंद बोध होता हैं .उनके लालन पालन में वे अपना सर्वस्य निछावर करते हैं .उनके लक्ष्य मात्र योग्य संतान बने बस इसी समय माता पिता से चूक होना शुरू हो जाता हैं .

इस समय अच्छी योग्य संतान के साथ मानवीयता के साथ संस्कारी बने .आज इन मूल्यों की कमी होने से वे पारिवारिक दायित्व से शून्य और अपना भविष्य निर्माण में व्यस्त .यदि माँ बाप दोनों सेवारत हैं तब वे बच्चो को वांछित समय नहीं दे पाते और यदि माँ ग्रहणी हैं तो वह अपने बच्चों के प्रति बहुत गंभीर रहकर साजो सेवा करती हैं .वो गृह कार्यो से जानबूझकर दूर रखती हैं कारण हमारी संतान गृह कार्य या रोटी बनाने नहीं बनी हैं जबकि इसी उम्र में उसे सहयोगी अवश्य बनाये .उसके बाद वह डॉक्टर ,इंजिनीरिंग वकालात या अन्य व्यवसायिक क्षेत्र में गयी तब उसकी स्वयं की व्यस्तता के साथ उनके मूड पर निर्भर रहना होता हैं .पिता नौकरी ,व्यवसाय में रहते हुए निर्धारित समय दे पाते हैं और माँ उतनी पढ़ी लिहि न होने से बच्चे मनमानापन के साथ उन्हें दकियानुशी और पुरातनपंथी मानकर दरकिनार कर देते हैं .

योग्यता में प्रावीण्यता मिलने पर महानगर या विदेश जाने के अवसर पर माँ बाप बहुत गौरवान्वित होते हैं कारण उनकी संतान /औलाद /बच्चे विदेश पढ़ने या नौकरी में गए हैं उनको अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा पर मान ,गुमान होता हैं .जबकि बच्चे पढ़ने लिखने या नौकरी करने घर से बाहर निकले वे पराये होने लगते हैं और यदि आपने उनको शुरुआत से संस्कारित नहीं किया तो मान कर चले वे पूरी तरह से पराये और आपके प्रति हृदयहीन होने लगते हैं .कारण ÷गंगा गए गंगा दास और जमुना गए जमुना दास ÷जिस जगह पर रहने लगते हैं वहाँ के वातावरण में रह पच जाते हैं .जब तक उनकी शादी नहीं होती तब तक कृतिम लगाव होता हैं और कभी कभी वे छिपकर विवाह कर अपनी संतान पैदा होने की सूचना देकर अपने करती की इतिश्री करते हैं .

संतान की इस उम्र में स्वाभाविक रूप से माँ बाप का बुढ़ापा आना स्वाभाविक हैं और इस समय उनको अपनी संतानों की सहयोग की अपेक्षा रहती हैं .यदि माँ बाप ने अपने भाग्य पुरुषार्थ से अचल सम्पत्ति बनायीं हैं तो उस पर संतानों की नजर रहती हैं और माँ बाप से यह अपेक्षा रहती हैं की उनके अचल सम्पत्ति पर वे सहयोग दे और माँ बाप खुले दिल से अपनी संतानों को सहयोग देते हैं .

यदि दुर्भाग्य से माँ बाप में से किसी की वृध्धावस्था में मृत्यु होने पर संतानों की गिद्ध दृष्टि उनकी सम्पत्ति पर रहती हैं .यह प्रलोभन भी दिया जाता हैं की आपकी अब पूरी सेवा की जिम्मेदारी हम निभाएंगे ,क्योकि बच्चे बहुत समय से एकल और स्वतंत्र रहने से उनकी मानसिकता माँ या पिता नहीं समझ पाते .और यह बहुत चिंतनीय मोड़ या बिंदु होता हैं .यदि माँ बाप ने अपनी जीवन भर की कमाई इस समय बच्चों को सौप दी यानी अपने पैरो पर अपने हाथ से कुल्हाड़ी मार ली .बच्चों की सेवा तात्कालिक रहती हैं पर उसके बाद उनके संस्कार जो आपने अपने लाड प्यार में नहीं दिए वे दिखने लगते हैं .

÷आदमी बसें और घोडा कसे÷कारण बच्चे अनेक वर्षो से अलग थलग रहते हैं और उसके बाद विवाह होने पर पति या पत्नी के प्रभाव में रहना पड़ता है और यदि दोनों एक विचार धारा के हुए तो तिरस्कार निश्चित होगा ही .यदि आपने वसीयत कर दी तो आप उनके बचपन जैसे पराधीन हो जायेंगे .इस दौरान आपको उनके अनुसार रहना पड़ेगा या पड़ता हैं .आप अपना मन मसोसकर जिए या मरे .

कुछ नज़ीर सामने आयी हैं एक बहुत बड़े अफसर के दो बेटे दोनों विदेश में सुस्थापित ,सौभाग्य या दुर्भाग्य से



वृद्धावस्था में बच्चों की माँ की मृत्यु होने पर एक बड़ा लड़का आया .पिता ने पूछा छोटा क्यों नहीं आया तो लड़का बोला हम लोगों ने यह निर्णय किया की माँ की मृत्यु में मैं आऊंगा और पिता की मृत्यु में वह आएगा .पिता जीते जी मरना चाहता हैं कारण वह छोटे को भी देखना चाहता हैं .

एक व्यक्ति की एक ही संतान वह भी पुत्री थी .उसकी शादी करने के बाद एकांत में पिता अपना जीवन यापन कर रहा था .सौभाग्य या दुर्भाग्य से पिता की मृत्यु अचानक हो गयी नाते रिश्तेदारों ने उनकी पुत्री को अन्य शहर जो रहती थी समाचार दिया .बेटी बोली अंकल मै तो नहीं आ पाउगी आप उनका वीडियो भी देना .तीसरे दिन बेटी ने कहा अंकल उनकी अस्थिकलश कोरियर से भेज देना मैं यही सब क्रिया कर्म कर लुंगी !

एक बुजुर्ग व्यक्ति की पत्नी का देहावसान हुआ .बच्चे विदेश में स्थापित .उन्होंने बच्चों को बहुत योग्य बनाया और उनकी शिक्षा दीक्षा पर बहुत गुमान रहा अंतिम संस्कार के बाद उनकी योजना बनी और बच्चों का बहुत आग्रह होने पर उनके पास जाना हुआ .उनको बहुत भरोसा रहता था या हैं अपनी औलाद पर .वहाँ जाने के बाद अहसास हुआ बच्चों को और परिवार को इतनी अधिक व्यस्तता होने पर उनको सुसज्जित कमरे में रखा पर कोई उनसे बात करने वाला नहीं .वृध्धावस्था के कारण चलने फिरने खाने पीने की सुव्यवस्था न होने से उन्हें लगा जैसे मैं खुली जेल में आ गया हूँ .देवरों से कितनी बात करेंगे और वसीयत में कुछ हिस्सा बच्चों को दे दिया अपने घर में रहने से जहां वर्षों रहे वहाँ जान पहचान और परिचित जगह होने से अकेले होते हुए भी एकाकीपन नहीं लगता पर यह आशा नहीं थी की उनकी औलादें इस प्रकार का व्यवहार करेंगे .इसका दूसरा पहलु यह भी हैं की बच्चों को अपनी नौकरी व्यापार करना होगा वह उनकी पहली प्राथमिकता होगी और हमारे पालन पोषण में हमने उन्हें एकाकी बनाया ,न किसी से मिलना और न जुलना .अपनी अहमीयत .हर सिक्के के दो पहलु होते हैं .सबका अपना अपना दर्शन होता हैं .आप सब को खुश नहीं कर सकते .इसमें संस्कारों के अलावा वे जिस परिवेश और परिजन के साथ रहने लगते हैं उसका प्रभाव अत्यधिक पड़नेसे प्रभावित होते हैं .बुजुर्गों की अपनी प्राथमिकताएं होती हैं और बच्चों की अपनी प्राथमिकताएं .इन सबके बावजूद औलादों के अपने कर्तव्यों को नहीं भूलना चाहिए .

बुजुर्ग व्यक्ति की अधिकतम उम्र में दस साल का इजाफा होगा और वे बच्चे एक साल या दो साल में पांच दिन के लिए मिलने आये .माँ बाप को प्रसन्नता होती हैं और उनके जाने के बाद आगामी वर्ष की योजना बनाते हैं ,इस प्रकार दस वर्ष में कुल पचास दिन के लिए वे अपने दस वर्ष बिता देते हैं और बच्चे अपनी औपचारिकता के वास्ते आना पड़ता हैं और आते हैं कारण उनकी संतानों का भविष्य निर्माण करने का समय रहता हैं .

विषय बहुत विस्तृत हैं इस पर अनेक पहलु विचारणीय हैं तर्क अनंत हैं पर सच्चाई यही हैं की बच्चे /संतान/ औलाद में अंतर परिवर्तन आने से अब बुजुर्ग सोचते हैं की यह अवस्था के पहले हम भी स्वर्गीय हो जाए .यह हर के लिए लागू नहीं होता पर सामान्यतः यही हैं वर्तमान में पारिवारिक सामाजिक , व्यक्तिगत व्यवस्था

**पूत सपूत तो क्या धन संचय ?**
**पूत कपूत तो क्यों धन संचय ?**
**चाणक्य का कथन --**

वृद्धावस्था में स्त्री का मरण ,अपना धन पराये को देना ,नवजवान पुत्री का घर में रहना और अन्य से भोजन की याचना करना जीते जी नरक के समान हैं।

# प्रेम और समर्पण

प्रेम जीवन की परम समाधि है. प्रेम ही शिखर है जीवन ऊर्जा का. वही गौरीशंकर है जिसने प्रेम को जाना, उसने सब जान लिया. जो प्रेम से वंचित रह गया, वह सभी कुछ से वंचित रह गया। प्रेम की भाषा को ठीक से समझ लेना जरूरी है। प्रेम के शास्त्र को ठीक से समझ लेना जरूरी है। क्योंकि प्रेम ही तीर्थयात्रा है। उससे ही पहुंचने वाले पहुंचे हैं और जो नहीं पहुंचे, वे इसलिए नहीं पहुंचे कि उन्होंने जीवन को कोई और रंग दे दिया, जो प्रेम का नहीं था। प्रेम का अर्थ है, समर्पण की दशा, जहां दो मिटते हैं, एक बचता है। जहां प्रेमी और प्रेम पात्र अपनी सीमाएं खो देते हैं, जहां उनकी दूरी समग्र रूपेण शून्य हो जाती है। यह उचित नहीं कि प्रेमी और प्रेम-पात्र करीब आ जाते है; क्योंकि करीब होना भी दूरी है। पास नहीं आते खो जाते हैं। निकटता में भी तो फासला है। प्रेम उतना फासला भी बर्दाश्त नहीं करता। प्रेम दो को एक बना देता है। प्रेम अद्वैत है। इस प्रेम को हम थोड़ा समझें। ऐसा तो व्यक्ति ही खोजना कठिन है, जिसने प्रेम न किया हो। गलत ढंग से किया हो, गलत प्रेम पात्र से किया हो, लेकिन प्रेम किये बिना तो कोई बच नहीं सकता क्योंकि वह तो जीवन की सहज अभिव्यक्ति है। तो तीन तरह के प्रेम हैं। समझ लें। पहला जिसमें सौ में से निन्यानबे लोग उलझ जाते हैं। वह वस्तुओ का प्रेम है- धन का, संपदा का, मकान का, तिजोरियों का। वस्तुओ का प्रेम- प्रेम के लिए सबसे बड़ा धोखा है लेकिन उसमें कुछ खूबी है; इसलिए सौ में से निन्यानबे लोग उसमें पड़ जाते हैं और वह खूबी यह है कि वस्तुओं के प्रति तुम्हें समर्पण नहीं करना पड़ता। वस्तुओं को तुम अपनी तरफ आकर्षित कर लेते हो। तुम्हारी कार, तुम्हारी कार है। तुम्हारा मकान, तुम्हारा मकान है। तुम समर्पित होने से बच जाते हो।

# मुजफ्फरनगर किसान महापंचायत - किसान की ताकत से सरकार पसीने पसीने!

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

देशभर के किसान संगठनों ने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान महापंचायत मुजफ्फरनगर में आयोजित की। महापंचायत में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड समेत कई राज्यों से किसानो ने भाग लिया। महापंचायत की सफलता से गदगद संयुक्त किसान मोर्चा ने 27 सितंबर को भारत बंद की घोषणा की है। भारतीय किसान यूनियन नेता चौधरी राकेश टिकैट ने कहा कि वे

मुजफ्फनगर की जमीन पर पैर नहीं रखेंगे, जब जीत होगी तभी हम यहां आएंगे। राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार उनसे बात करने को तैयार नहीं है। सरकार ने बात करनी ही बंद कर दी है।जबकि हम बात करना चाहते हैं। लगता है सरकार किसानों का कोई समाधान नहीं करना चाहती । उन्?होंने कहा कि अब मिशन सिर्फ यूपी नहीं बल्कि देश को बचाना है। पूरे देश में किसान मुद्दे उठाएंगे।उन्होंने कहा कि ये लड़ाई एमएसपी पर कानून बनने से शुरू हुई है। पूर्ण रूप से फसलों के दाम नहीं तो वोट भी नहीं। उन्?होंने कहा कि प्रदेश की जमीन पर दंगा करवाने वाले को यहां की जनता बर्दाश्त नहीं करेंगी। अगर शहीद भी होना पड़ा तो पीछे नही हटेंगे। किसान कृषि कानून वापस कराने के लिए पूरा जोर लगाएगा

किसान लाल किले पर नहीं गया, हमे धोखे से लेकर गए हैं कोई एजेंसी इस बात की जांच करने को तैयार नहीं है। कैमरा और कलम पर पहरा है। आंदोलन जारी रहेगा। देश के नौजवानों के सवाल है कि गन्ने का 450 रुपये कुंतल चाहिए। टिकैत ने कहा कि पूरे देश मे संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन करेगा। किसान गाजीपुर बॉर्डर से नहीं हटेंगे। ये लड़ाई किसानों के दम पर लड़ी जाएगी और जीती जाएगी। टिकैत ने हर हर महादेव और अल्लाह हो अकबर के नारे मंच से लगाए। वाहे गुरु जी का खालसा...वाहे गुरु जी की फतेह के नारे के साथ उनका संबोधन समाप्त हुआ।इस किसान महापंचायत की सुरक्षा में आठ कंपनी पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स लगाई गई थी। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि मोदी सरकार



ने कृषि क्षेत्र को भी कारपोरेट हाउसों के सामने परोस दिया है।कृषि का जो माडल विश्व में फेल हो चुका, वह हम किसानों पर थोपा जा रहा है।उन्होंने कहा कि आंदोलन जितना जोर पकड़ रहा है। सरकार उतनी ही कमजोर पड़ रही है। हमने वोट पर चोट की तो बंगाल के नतीजे सामने है। हम अपना हक लेने आये हैं। समझौता नहीं करेंगे। जब तक कानून वापस नहीं होंगे, हम भी वापस नहीं जाएंगे। अमेरिका के गौरे किसानों ने किसान आंदोलन का समर्थन किया है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाड़ा के पार्लियामेंट में भारतीय किसानों का मुद्दा उठ चुका है।उन्होंने साफ कहा कि सरकारें बड़ी नहीं होती,बल्कि लोग बड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन से यूपी हिल गई है। जितनी बड़ी संख्या में किसान मुजफ्फरनगर पहुंचे उससे लगता है कि बंगाल वाला फार्मूला उत्तर प्रदेश में भी दोहराने जा रहा है। वोट पर चोट का माहौल तैयार हो गया है।किसान नेता योगेंद्र यादव ने भी योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्?होंने कहा कि किसानों को फसल का दाम नहीं मिला, किसानों का पूरा कर्जा माफ नहीं हुआ, किसानों का बकाया भी नहीं दिया गया। सरकार अपनी मनमानी कर रही है। किसानों का कर्ज माफ करने के बजाय उत्पीड़न हो रहा है। महापंचायत में आए किसानों के लिये 500 लंगर लगाए गए।जबकि 1000 चिकित्सा यूनिट की व्यवस्था की। कई जिलों से पुलिस भी बुलाई गई थी। किसान संगठनों ने भी व्यवस्था और सुरक्षा के लिए 5000 वालंटियर तैयार किये गए थे। करीब दो लाख वर्ग फुट के पंडाल के साथ वाटर प्रूफ मंच भी बनाया गया था। ठहरने और भोजन की विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था की गई थी। इस किसान पंचायत को दुनिया की अब तक की सबसे बड़ी पंचायत कहा जा सकता है। जिसमे लाखो किसान शामिल हुए। महापंचायत में देशभर के 300 से ज्यादा सक्रिय संगठन शामिल हुए, साथ ही कर्मचारी, मजदूर, छात्र, शिक्षक, रिटायर्ड अधिकारी, सामाजिक, महिला आदि भी शामिल हुए। इस आंदोलन से किसानों को नई दिशा मिली है।

# रोजगार के लिए हिन्दी

**सूडोकु नवताल- 5827** — ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5826 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

**विवेक रंजन श्रीवास्तव 'विनम्र**

हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है, पर प्रश्न है कि क्या सचमुच ही हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा बन पाई है ? इस यक्ष प्रश्न को अनुत्तरित छोड देने में विगत पीढी के उन राजनेताओं की बहुत बडी गलती है, जिसके अनुसार हमारी संसद ने यह विधेयक पारित कर दिया कि जब तक देश का एक भी राज्य हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप में स्वीकार करने में अपनी तैयारी या अन्य कारणो से असमर्थता व्यक्त करें, तब तक हिंदी को अनिवार्य नहीं किया जावेगा। यही कारण है कि क्षेत्रवाद, भाषाई राजनीति, पक्ष, विपक्ष के चलते कानूनी रूप से हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा के रूप में आजादी के वर्षों बाद भी स्थापित नहीं हो पाई।

लोकतंत्र में कानून से उपर जन भावनायें होती है, विगत कुछ दशकों में बाजारवाद विश्व पर हावी हुआ है आज का युवावर्ग इसी बाजारवाद से प्रभावित है, जहां आजादी के दिनों में उत्सर्ग, देश के लिये समर्पण और त्याग की भावनायें युवाओं को आकृष्ट कर रही थी, वहीं वर्तमान समय में स्वंय की आर्थिक उन्नति, बढती आबादी के दबाव के बीच गलाकाट प्रतिस्पर्धा में येन केन प्रकारेण आगे निकलने की होड में युवा सतत व्यस्त है। आज कार्पोरेट जगत में युवा शक्ति का साम्राज्य है . विभिन्न कंपनियो के शीर्ष पदो पर अधिकांशतः युवा ही पदारूढ़ हैं . बाजार वैश्विक हो चला है .

अंग्रेजी वैश्विक संपर्क भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है, अतः आज युवावर्ग ने मातृभाषा हिन्दी की अपेक्षा अंग्रेजी को प्राथमिकता देते हुये अपनी अभिव्यक्ति व संपर्क का माध्यम बनाया है, त्रिभाषा फार्मूले के शीर्ष पर अंग्रेजी स्थापित होती दिख रही है। आंकडो में देखे तो हिन्दी का विस्तार हो रहा है, नई पत्र पत्रिकायें, किताबें, हिन्दी बोलने वालो की संख्या, विश्वविद्यालयों में हिन्दी पाठ्यक्रम , सब कुछ बढ रहा है। पर वास्तविकता से परिचित होने की जरूरत है, जर्मन रेडियो डायचेवेली ने हिन्दी प्रसारण बंद कर दिया है। बीबीसी ने हिन्दी के रेडियो प्रसारण बन्द कर दिए हैं।

हिंदी पुस्तको के प्रथम संस्करणों में 100 से 200 प्रतियां ही छप रही है। हिंदी लेखकों को कोई उल्लेखनीय रायल्टी नहीं मिल रही है। हिंदी 'हिन्गलिश' बन रही है। मोबाईल पर एस.एम.एस हो या नेटवर्किंग साइट पर युवा वर्ग की चैटिंग, रेडियो जाकी की एफ.एम. रेडियो पर उद्घोषणायें हो या टीवी के युवाओ में लोकप्रिय कार्यक्रम, शुद्ध हिंदी मिलना दुष्कर है.गांव गांव तक हमारी फिल्मो व फिल्मी गीतो का युवा वर्ग पर विशेष प्रभाव है , अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी शीर्षक की फिल्में , उनके डायलाग तथा हिन्दी व्याकरण को ठेंगा बताती शब्दावली के फिल्मी गीत अपनी तेज संगीत वाली धुनो के कारण युवाओ में लोकप्रिय हैं . आशा की किरण यही है कि यह सब जो कुछ भी है देवनागरी में है , सकारात्मक ढ़ंग से देखें तो इस तरह भी हिन्दी देश को जोड़ रही है, तथा विश्व में हिन्दी को स्थान भी दिला रही हैं .कार्पोरेट जगत के एम बी ए पढ़े लिखे युवा भले ही अंग्रेजी में गिटर पिटर करें या कार्पोरेट जगत का आंतरिक पत्र व्यवहार , प्रगति प्रतिवेदन आदि भले ही अंग्रेजी में हो पर जब वे अपने प्रोडक्ट की मार्केटिंग करते हैं तो उन्हें विज्ञापनो में हिन्दी का ही सहारा लेना पड़ता है , यह और बात है कि यह हिन्दी भी विशुद्ध न होकर जन बोलौ ही होती है. हिंदी कविताओं की पुस्तके छपती है, पर वे विजिटिंग कार्ड की तरह बांटी जाने को विवश है, एवं लेखकीय आत्ममुग्धता से अधिक नहीं है। युगांतकारी रचना धार्मिता का युवा हिन्दी लेखको, कवियो में अभाव दिख रहा है। देश की आजादी के समय मिशन स्कूल, पब्लिक स्कूल एवं कावेंट स्कूलो के पास जो संस्थागत ताकत शिक्षण के क्षेत्र में थी, उसका हिंदी के विपरीत समाज पर स्पष्ट दुष्प्रभाव अब परिलक्षित हो रहा है । शिक्षा, रोजगार का साधन बनी, व्यक्ति की संस्कारों या सच्चे ज्ञान की वाहक अपेक्षाकृत कम रह गयी . रोजगार तथा बच्चो के सुखद आर्थिक भविष्य के दृष्टिकोण से स्वंय हिन्दी के समर्थक पालको ने भी अपने बच्चो को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने में ही भलाई समझी इसके परिणाम स्वरूप आज की अंग्रेजी माध्यम से पढी पीढी सत्रह, इकतीस या उननचास नहीं समझ पाती, उसे सेवेनटीन, थर्टीवन और फोर्टीनाइन बतलाना पडता है , यह पीढ़ी अंग्रेजी में सोचकर भले ही हिंदी में लिख ले पर वह हिन्दी के संस्कारो से जुड़ नही पाई है . किंतु सब कुछ निराशाजनक ही नहीं है, एटीएम मशीन हो, या कम्पयूटर के साफ्टवेयर अंग्रेजी के साथ हिंदी के विकल्प भी अब सुलभ है, हिंदी शिक्षण हेतु नेट पर कक्षायें भी चल रही है, हिंदी ब्लाग प्रजातंत्र के पांचवे स्तंभ के रूप में स्थापित हो चला है,नित नये हिन्दी ब्लाग्स विविध विषयो पर देखने को मिल रहे हैं।

# शिक्षा में क्रांति की शुरुआत ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

'शिक्षक पर्व' के उत्सव में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले सात साल के अपने शासन-काल की उपलब्धियाँ गिनाई और गैर-सरकारी शिक्षा संगठनों से अनुरोध किया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान करें। इसमें शक नहीं है कि पिछले सात साल के आंकड़े देखें तो छात्रों, शिक्षकों, स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की संख्या में अपूर्व बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी का श्रेय सरकार लेना चाहे तो उसे जरुर मिलना चाहिए लेकिन असली सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा नीति में जो मूल-परिवर्तन होने चाहिए थे, वे हुए हैं या नहीं ? सात साल में चार शिक्षा मंत्री हो गए, मोदी सरकार में। औसतन किसी मंत्री को दो साल भी नहीं मिले याने अभी तक सिर्फ जगह भरी गई। कोई ऐसा शिक्षा मंत्री नहीं आया, जिसे शिक्षा-व्यवस्था की अपनी गहरी समझ हो या जिसमें मौलिक परिवर्तन की दृष्टि हो। जो शिक्षा-पद्धति 74 साल से चली आ रही है, वह आज भी ज्यों की त्यों है। नई शिक्षानीति की घोषणा के बावजूद कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। यदि सचमुच हमारी सरकार के पास कोई नई दृष्टि होती और उसे अमली जामा पहनाने की इच्छा शक्ति किसी मंत्री के पास होती तो वह अपनी कुर्सी में पांच-सात साल टिकता और पुराने सड़े-गले औपनिवेशिक शिक्षा-ढांचे को उखाड़ फेंकता। लेकिन लगता है कि हमारी राजनीतिक पार्टियां किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा का महत्व क्या है, इसे ठीक से नहीं समझतीं। इसीलिए प्रधानमंत्री मजबूर होकर गैर-सरकारी शिक्षा-संगठनों से कृपा करने के लिए कह रहे हैं। गैर-सरकारी शिक्षा-संगठनों ने निश्चय ही सरकारी संगठनों से बेहतर काम करके दिखाया है। इसीलिए प्रधानमंत्रियों और शिक्षा मंत्रियों के बच्चे भी निजी स्कूलों और कालेजों में पढ़ते रहे हैं। शिक्षा-व्यवस्था में मौलिक परिवर्तन करने के लिए तो बहुत-से सुझाव हैं लेकिन क्या मोदी सरकार यह एक प्रारंभिक कार्य कर सकती है ? वह यह है कि देश के सभी जन-प्रतिनिधियों-पंचों से लेकर राष्ट्रपति तक और समस्त सरकारी कर्मचारियों के बच्चों के लिए यह अनिवार्य कर दे कि वे सिर्फ सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में ही पढ़ेंगे। यह कर दे तो देखिए रातों-रात क्या चमत्कार होता है? सरकारी स्कूलों का स्तर निजी स्कूलों से अपने आप बेहतर हो जाएगा। मेरे इस सुझाव पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 8-10 साल पहले मुहर लगा दी थी लेकिन वह आज तक उत्तरप्रदेश में लागू नहीं हुआ है। निजी शिक्षा-संस्थाएं और निजी अस्पताल आज देश में खुली लूट-पाट के औजार बन गए हैं। देश का मध्यम और उच्च वर्ग लुटने को तैयार बैठा रहता है।

# गदर 2 में काम करेंगी अमीषा पटेल, तैयारी शुरु



निर्देशक अनिल शर्मा ने गदर के सीक्वल को लेकर कई दफा बातें की हैं। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सीक्वल की तैयारी शुरु हो चुकी है। निर्देशक पहले ही पुष्टि कर दी थी कि सनी देओल और उत्कर्ष शर्मा फिल्म का हिस्सा होंगे। और अब उन्होंने अमीषा पटेल से भी मुलाकात की, जो एक बड़ा संकेत देता है कि वह सनी देओल के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। अमीषा पटेल ने अनिल शर्मा के साथ अपनी तस्वीर शेयर की है और लिखा है कि गदर के डायरेक्टर अनिल शर्मा से लंबी और प्यारी बातचीत हुई... 2022 में धूम मचाने के लिए बेकरार हूं।

इस पोस्ट के बाद से ही उम्मीद जताई जा रही है कि गदर 2 को लेकिन तैयारी शुरु हो चुकी है और फिल्म 2022 में फ्लोर पर जाएगी। फिल्म को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो चुके हैं। ऐसे में अब यदि इसका सीक्वल बनाया जाता है, तो कहानी और किरदारों में काफी बदलाव देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट्स की मानें तो गदर 2 प्रेम कहानी से ज्यादा पिता- बेटे के रिश्ते पर फोकस करेगी। फिल्म में सनी देओल का किरदार तारा सिंह फिर से पाकिस्तान में दिखेगा, लेकिन इस बार अपने प्यारे बेटे चरणजीत सिंह को वापस लाने के लिए। अमीषा पटेल की बात करें तो एक्ट्रेस लंबे वक्त से पर्दे से दूर हैं। फिल्म गदर में उन्होंने सकीना का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें बहुत सराहना मिली थी। उनकी आखिरीफिल्म भैयाजी सुपरहिट थी। अनिल शर्मा गदर 2 एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी मानते हैं और उन्हें लगता है कि सीक्वल को पहले भाग की तुलना में दोगुना नाटकीयता, इमोशनल और भव्यता के साथ सावधानी से बनाने की जरूरत है।

अनिल शर्मा ने अभी तक अपने लेखकों के साथ बैठक नहीं की है और पटकथा तैयार नहीं की है। गदर 2 का निर्माण ज़ी द्वारा किया जाएगा। लेकिन उससे पहले अनिल शर्मा देओल परिवार के साथ फिल्म अपने 2 को खत्म करेंगे। फिल्म के 20 साल पूरे होने के मौके पर निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा था- जिस दिन मैं सही प्लॉट को क्रैक कर लूंगा, जो नाटक और यथार्थवाद के संयोजन की पेशकश करेगा, मैं सीक्वल पर काम करना शुरू कर दूंगा। मेरा बेटा उत्कर्ष, जिसने फिल्म में सनी के बेटे जीता की भूमिका निभाई है, बड़ा हो गया है, इसलिए दूसरी किस्त की गुंजाइश है.. निर्देशक ने कहा, किसी निर्देशक के करियर में गदर जैसी फ़िल्म 10 में एक बनती है।

## सलमान अपने बैनर की पहली वेब सीरीज 92 डेज के साथ करेंगे ओटीटी पर डेब्यू

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इस साल कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। एक्टिंग के अलावा उन्होंने फिल्म प्रोडक्शन में भी बेहतर काम किया है। वह अपनी प्रोडक्शन कंपनी सलमान खान फिल्म्स के तहत कई प्रोजेक्ट का निर्माण कर चुके हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि एक प्रोड्यूसर के तौर पर सलमान अपने बैनर सलमान खान फिल्म्स के तहत सीरीज 92 डेज का निर्माण करने वाले हैं। यह सलमान का ओटीटी पर डेब्यू प्रोजेक्ट होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान 92 डेज के साथ ओटीटी पर डेब्यू करेंगे। सीरीज में वह एक प्रोड्यूसर की भूमिका निभाएंगे। सीरीज की शूटिंग आगरा, धौलपुर, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, झांसी, ओरछा और चंदेरी के विभिन्न लोकेशंस पर होगी। सलमान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा इस सीरीज में मुख्य भूमिका में दिखेंगे। बताया जा रहा है कि साउथ इंडस्ट्री से बाकी कलाकारों को प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। खबरों की मानें तो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो का फोकस फैमिली ऑडियंस को टारगेट करना है।



फैमिली ऑडियंस को ध्यान में रखते हुए सीरीज का निर्माण किया जा रहा है। एक सूत्र ने कहा, सीरीज की कहानी बागबान से मिलती-जुलती है। बुजुर्ग होने पर जिस तरह उस फिल्म में अमन वर्मा, समीर सोनी और साहिल चड्ढा के किरदार ने अपने परिजनों को बेघर होने पर मजबूर किया था, कुछ इसी तरह की कहानी पर 92 डेज आधारित है। बताया जा रहा है कि सीरीज में 17 बुजुर्गों की कहानी को उकेरा जाएगा। यह पहली ऐसी सीरीज होगी, जिसमें ज्यादातर बुजुर्ग कलाकारों की उम्र 50 साल से अधिक होगी। इसमें भी ये बुजर्ग अपने बेटों से पीड़ित होंगे। आयुष इन्हीं में से किसी एक बुजुर्ग के बेटे का किरदार निभाएंगे। इस प्रोजेक्ट को सलमान के साथ साउथ के दो और प्रोडक्शन हाउस मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सीरीज की शूटिंग चार अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक चलेगी। सीरीज में सभी 17 बुजुर्ग अचानक बिनी किसी को बताए और फोन ऑफ करके बुलेट लेकर रोड ट्रिप पर निकल जाते हैं। इसके बाद उनके बेटे अपने परिजनों को खोजने के लिए निकलते हैं। सीरीज की कहानी इसी रोड ट्रिप के इर्दगिर्द घूमेगी। साउथ इंडस्ट्री से बाहुबली फेम एक्टर नास्सर भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 1986 में आई मिस्टर भारत फेम राजशेखर और मशहूर कॉमेडियन ब्रह्मानंदम सीरीज में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सलमान को इस साल कई फिल्मों में देखा जा सकता है।

# सूरज बड़जात्या की फिल्म ऊंचाई में नजर आएंगी परिणीति चोपड़ा



सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। वह हाल में निर्देशक सूरज बड़जात्या की फिल्म ऊंचाई को लेकर चर्चा में रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन सूरज कर रहे हैं। फिल्म में अमिताभ मुख्य भूमिका में दिखने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक रोचक जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो फिल्म ऊंचाई में दिग्गज अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमिताभ अभिनीत फिल्म ऊंचाई में परिणीति शामिल हो चुकी हैं। एक करीबी सूत्र ने कहा है कि परिणीति को भी इस फिल्म में कास्ट कर लिया गया है। फिल्म में वह एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। अनुपम खेर, नीना गुप्ता और बोमन ईरानी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अनुपम, बोमन और अमिताभ तीन पुराने दोस्तों की भूमिका में नजर आएंगे। परिणीति और नीना के किरदार के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है।

एक सूत्र ने कहा, यह सूरज के लिए खास प्रोजेक्ट है, क्योंकि वह तीन पुराने दोस्तों के बीच की कहानी को लेकर आ रहे हैं, जो जीवन में अलग-अलग मुद्दों से निपटते हैं। यह सूरज की टिपिकल फिल्म है, जो फरहान अख्तर की जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के तर्ज पर बनाई जा रही है। सूरज ने दिल छू लेने वाली पटकथा लिखी है। सूत्र ने कहा कि अमिताभ और अन्य कलाकारों की उपस्थिति फिल्म के साथ न्याय करती है। इस फिल्म की शूटिंग नेपाल के खूबसूरत लोकेशंस में होगी। खबरों की मानें तो राजश्री प्रोडक्शंस वेंचर 5 अक्टूबर को काठमांडू घाटी में शूटिंग शुरू करने वाली है। काठमांडू और उसके आसपास एक महीने के शेड्यूल की योजना बनाई गई है। इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन की प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म बुढ़ापे में दोस्ती की कहानी के इर्दगिर्द होगी। फिल्म में सूरज के व्यक्तिगत अनुभवों का समावेश भी देखने को मिल सकता है। परिणीति को इस साल कई फिल्मों में देखा जा सकता है। परिणीति हाल में रिलीज हुई फिल्म संदीप और पिंकी फरार में नजर आई हैं। बीते 26 फरवरी को परिणीति की फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन रिलीज हुई थी। इसके अलावा वह फिल्म एनिमल में नजर आने वाली हैं।

# इलेक्ट्रिक कॉफी मग को साफ करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

इलेक्ट्रिक मग के इस्तेमाल से कहीं भी और कभी भी कॉफी और चाय को आसानी से गर्म किया जा सकता है। आमतौर पर इसे लोग ट्रैवलिंग के समय अपने पास रखते हैं। हालांकि, जब बात इलेक्ट्रिक मग की सफाई की आती है तो कई लोग इसे साधारण बर्तनों की तरह साफ कर लेते हैं, लेकिन ऐसा करने से इलेक्ट्रिक मग खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि इलेक्ट्रिक मग को कैसे साफ करना चाहिए।

### गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड का करें इस्तेमाल

इलेक्ट्रिक कॉफी मग की सफाई के लिए आप गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक कप गुनगुने पानी में थोड़ा सा डिशवॉश लिक्विड अच्छे से मिलाएं, फिर इस मिश्रण को इलेक्ट्रिक कॉफी मग में डालकर कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद मग को हल्के गर्म पानी से धोएं। ध्यान रखें कि इलेक्ट्रिक कॉफी मग को धोते समय पानी इसकी तार पर न जाए।

### क्लोरीन सॉल्यूशन आएगा काम

क्लोरीन सॉल्यूशन की मदद से भी इलेक्ट्रिक कॉफी मग को आसानी से साफ किया जा सकता है। इसके लिए पहले थोड़ा सा क्लोरीन सॉल्यूशन इलेक्ट्रिक कॉफी मग में डालकर 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।



इसके बाद क्लोरीन सॉल्यूशन निकालकर मग को किसी ब्रश से रगड़े। हालांकि, ध्यान रखें कि ब्रश अधिक हार्श नहीं होना चाहिए क्योंकि उससे मग पर खरोंच लग सकती है। अंत में इसे गुनगुने पानी से धोकर साफ कर लें।

### बेकिंग सोडा भी है प्रभावी

अगर कई बार सफाई के बाद भी इलेक्ट्रिक कॉफी मग के अंदर जमी हुई गंदगी साफ नहीं हो रही है तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि इससे सफाई काफी आसान हो जाता है। इसके लिए इलेक्ट्रिक कॉफी मग में एक छोटी चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर और एक बड़ी चम्मच पानी डालकर 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब एक स्पंज से मग के अंदर की सफाई करके इसे पानी से धो लें।

### सफेद सिरका करेगा मदद

अगर आप इलेक्ट्रिक कॉफी मग में चाय और कॉफी के साथ-साथ अन्य पेय पदार्थों को भी गर्म करते हैं तो इससे मग से अजीब सी महक आने लगती है और इसे दूर करने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बड़ी चम्मच सफेद सिरके को मग में डालें, फिर इसमें पानी भरकर उसे गर्म करें। 10 मिनट बाद पानी को फेंक दें। इससे खराब महक दूर हो जाएगी।

# हीरा मंडी में रेखा की जगह ऐश्वर्या राय को कास्ट कर सकते हैं भंसाली



संजय लीला भंसाली फिल्म जगत के लोकप्रिय निर्देशक हैं। वह अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज हीरा मंडी को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल इस प्रोजेक्ट की कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। कुछ समय पहले जानकारी सामने आई थी कि सीरीज में भंसाली सदाबहार अभिनेत्री रेखा को शामिल कर सकते हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि भंसाली हीरा मंडी में रेखा की जगह ऐश्वर्या राय को कास्ट करने का मन बना रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सीरीज हीरा मंडी में रेखा की जगह ऐश्वर्या को चुना जा सकता है। एक सूत्र ने बताया, यह वही भूमिका है जिसके लिए रेखा के नाम पर विचार किया जा रहा था। ऐसा माना जाता है कि रेखा का पिछले कुछ वर्षों में निर्देशक के साथ काम करना मुश्किल हो गया है। रेखा को साइन करने का भंसाली का उत्साह फिल्म फितूर के निर्माण के दौरान खत्म हो गया था। सूत्र ने आगे बताया कि फितूर के निर्माण के दौरान निर्देशक अभिषेक कपूर के साथ रेखा के व्यवहार से भंसाली काफी असहज हो गए थे। इसके बाद रातों-रात रेखा को फिल्म से हटा दिया गया था और उनके स्थान पर तब्बू को चुना गया था। सूत्र ने कहा, ऐसी समस्याओं का सामना करने के बजाय भंसाली ने हीरा मंडी में रेखा को कास्ट करने का विचार छोड़ दिया है। उनके स्थान पर ऐश्वर्या को चुना जा सकता है। ऐश्वर्या को भंसाली का पसंदीदा अभिनेत्री माना जाता है। इससे पहले ऐश्वर्या और भंसाली ने हम दिल दे चुके सनम, देवदास और गुजारिश जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट में ऐश्वर्या की कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐश्वर्या तमिल के अपने पसंदीदा फिल्ममेकर मणिरत्नम के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। यह प्रोजेक्ट लगभग पूरा होने वाला है। हीरा मंडी में हुमा कुरैशी और सोनाक्षी सिन्हा सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखेंगी। सोनाक्षी ने फिल्म के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीरीज में वह मुजरा करती हुई नजर आ सकती हैं। सीरीज भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान वेश्याओं और उनके अमीर ग्राहकों के जीवन के इर्दगिर्द घूमती है। कई पुरुष अभिनेता भी इसमें मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे। हाल में हीरा मंडी के पहले सीजन के लिए नेटफ्लिक्स ने 35 करोड़ रुपये चुकाए हैं। ऐश्वर्या के पास आने वाले दिनों में डेट्स उपलब्ध होंगे, इसलिए प्रोजेक्ट में उनके शामिल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

# गणेश चतुर्थी के मौके पर इस तरह से सजाएं अपना घर, लगेगा बेहद खूबसूरत



कुछ ही दिनों में गणेश चतुर्थी का आगाज होने ही वाला है और कई लोग इस दिन अपने घरों में 10 दिन तक भगवान गणपति की स्थापना करके पूरे श्रद्धा भाव से उनकी पूजा अर्चना करते हैं। वहीं, गणपती के स्थापना से पहले अपने घर को तरह-तरह से सजाते हैं। ऐसे में अगर आप इस बार गणेश चतुर्थी के लिए अपने घर को एक आकर्षक त्योहार वाला लुक देना चाहते हैं तो ये टिप्स आपके बड़े काम आ सकती हैं।

**बन्दनवार से सजाएं घर का मुख्य प्रवेश द्वार:** गणेश चतुर्थी के लिए घर की दीवारों को सजाने से पहले इसके मुख्य द्वार को सजाना जरूरी है क्योंकि घर में प्रवेश करते समय सबसे पहले इसी पर ध्यान जाता है। आप चाहें तो घर के मुख्य प्रवेश द्वार को बन्दनवार से सजा सकते हैं। यूं तो आपको मार्केट में कई तरह के बन्दनवार मिल जाएंगे, लेकिन इस शुभ अवसर पर आप खुद आम की पत्तियों और कलावे से एक बन्दनवार बनाकर मुख्य द्वार पर लगाएं।

**रंग-बिरंगे फूलों से करें सजावट:** त्योहार भले ही कोई भी हो, फूलों का इस्तेमाल करके घर को सजाया जा सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि फूल असली होने चाहिए आर्टिफिशियल नहीं क्योंकि असली फूलों से घर को बहुत ही खूबसूरत लुक मिलता है। गणेश चतुर्थी के त्यौहार के लिए आपको छोटे आकार के रंग-बिरंगे फूलों से अपने घर को सजाना चाहिए। आप घर के सभी कमरों के किनारों, दीवारों और दरवाजों को फूलों से सजा सकते हैं।

**पेपर क्राफ्ट है अच्छा तरीका:** अगर आपका सोचना यह है कि फूलों से तो हर कोई सजावट करता है और आपको इससे हटके कुछ अलग करना चाहिए तो पेपर क्राफ्ट एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। पेपर क्राफ्ट से भी घर की दीवारों की खूबसूरती बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए आप कलरफुल पेपर्स से डिजाइन बना सकते हैं या फिर घर की दीवारों पर पेपर की रंगीन लड़ियां भी लगा सकते हैं। यकीनन मानिए इससे भी घर की दीवारें खिल उठेंगी।

**रंगोली बनाए:** रंगोली की मदद से आप अपने घर को विशेष रूप से गणेश चतुर्थी के दौरान आकर्षण का केंद्र बना सकते हैं। इसके लिए बस ऑनलाइन रिसर्च करके अच्छे रंगोली के डिजाइन्स खोजें और फिर का इस्तेमाल करके अपने पसंदीदा रंगोली के डिजाइन की रूपरेखा तैयार करें। फिर इसे भरने के लिए रंगों का इस्तेमाल करें। अगर आपको ऐसा करने में कोई परेशानी हो रही है तो मार्केट से तैयार रंगोली स्टैंसिल खरीदकर उनकी मदद से रंगोली बनाएं।

## धीरे-धीरे पुराने फॉर्म में लौटती दिख रहीं शिल्पा शेट्टी

करीब एक महीने के बाद शिल्पा शेट्टी शो पर लौट आई है और फिर धीरे-धीरे पुराने फॉर्म में लौटती दिख रहीं हैं। बीते मंडे को शिल्पा को डांसिंग रिएलिटी शो के सेट पर स्पॉट किया गया।ऑरेंज कलर की साड़ी में एक्ट्रेस बेहद गॉर्जियस नजर आ रहीं थीं.शिल्पा शेट्टी ने ऑरेंज कलर की साड़ी के साथ गोल्डन एसेसरीज के साथ अपने स्टाइल को कंपलीट किया था। इसके अलावा 'सुपर डांसर चैप्टर 4' के सेट पर रवीना टंडन भी स्पॉट की गई।रवीना शो के अपकमिंग एपिसोड में गेस्ट जज के रुप में नजर आएंगी।रवीना ब्लैक कलर-गोल्डन की साड़ी में नजर आई।शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन दोनों ही खूबसूरत साड़ी में बेहद गॉर्जियस नजर आई।शिल्पा ने गोल्डन कलर का झुमका और ब्रेसलेट और गोल्डन कलर की ही सैंडिल पहनी दिख रहीं।साथ ही अपनी हेयरस्टाइल को सॉफ्ट वेव्स में रखा था, और मामूली मेकअप में गजब की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं.वहीं मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन भी ब्लैक-गोल्डन और सिल्वर साड़ी में मामूली मेकअप में बला की खूबसूरत दिख रही हैं.शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन दोनों ने ही पैपराजी को देखकर स्माइल देते हुए पोज दिया। बता दें कि 19 जुलाई को जब राज कुंद्रा को गिरफ्तार किया गया था तो उसके दो दिन बाद शिल्पा शेट्टी 'सुपर डांसर चैप्टर 4' की शूटिंग करने वाली थीं।



## वन-टू-वन

### नवागत कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**होशंगाबाद ।** नवागत कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने मंगलवार 7 सितम्बर को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर होशंगाबाद जिले के कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। शासन द्वारा जारी आदेशानुसार वर्ष 2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नीरज कुमार सिंह को होशंगाबाद जिले का कलेक्टर बनाया गया है। नीरज कुमार सिंह इससे पूर्व कलेक्टर राजगढ़ के पद पर रह चुके हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ मनोज सरियाम,अपर कलेक्टर आदित्य रिछारिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एसडीएम श्रीमती फरहीन खान आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### धर्मगुरू दीवान साहब के सानिध्य में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ



**235 प्रतिभाओं को स्मृती चिन्ह देकर किया सम्मान**

**पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सैणचा**

पाली –रायपुर गांव कुशालपुरा श्री आईजी सीरवी समाज शिक्षा समिति कुशालपुरा परगना समिति रायपुर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह परम पूज्य माननीय धर्मगुरु दीवान साहब के सानिध्य में 5 सितंबर 2021 को संपन्न हुआ द्य सर्वप्रथम धर्मगुरु दीवान साहब का स्वागत स्थानीय ग्राम के कोटवाल जमादारी , शिक्षा समिति के अध्यक्ष गौतम ,संरक्षक नारायण लाल ,सह सचिव अशोक सचिव मदनलाल द्वारा साफा माला स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया द्य शिक्षक दिवस के अवसर पर परगना समिति के समाज के सभी शिक्षकों का श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया एवं 50 प्रतिभाओं को सिल्वर मेडल व स्मृति चिन्ह तथा 185 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों वह भामाशाहो का सम्मान किया गया ।धर्मगुरु दीवान साहब के श्री मुख से सभी को आशीर्वाद प्रदान किया एवं सभी समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा व संस्कार के प्रति जोड़ने की बात कही और बालिका शिक्षा को भी जोड़ना इस प्रकार समाज के सभी विद्यार्थियों को सामाजिक एकता की शिक्षा को बढ़ावा देना द्य

### डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कलेक्टर बालाघाट का कार्यभार संभाला



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट । भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2013 बैच के अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने 08 सितम्बर को अपरान्ह 04 बजे कलेक्टर बालाघाट का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार ने डॉ मिश्रा को कलेक्टर बालाघाट का कार्यभार सौंपा। डॉ मिश्रा इससे पहले अपर आयुक्त आबकारी विभाग, ग्वालियर में पदस्थ थे और राज्य शासन द्वारा उनका स्थानांतरण कलेक्टर बालाघाट के पद पर किया गया है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने अपना कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही संक्षिप्त चर्चा के दौरान बताया कि शासन की योजनाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जायेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय उनकी प्राथमिकता में रहेंगें और इन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

### संपत्ति विवाद में दो भाईयों पर तलवार-डंडो से जानलेवा हमला

**भोपाल।** राजधानी के तलैया थाना इलाके में संपत्ति के बटवारे को लेकर तीन लोगों ने मिलकर दो भाईयों पर तलवार और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद ही आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है।

# सुपोषण की ओर बढ़ने लगे कदम

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**जबलपुर ।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण स्तर के सकारात्मक परिवर्तन के लिए 30 सितंबर तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में निरंतर सूचनात्मक एवं पोषण शिक्षा पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जिले भर के परियोजना अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से ना केवल कुपोषण से मुक्ति की युक्ति के संबंध में जानकारी दे रहे हैं बल्कि जन भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश में निरंतर कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र के परियोजना अधिकारी विकेश राय ने बताया- ÷प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के अलावा केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री जी सहित देशभर में कुपोषण के विरुद्ध जितने भी जागरूकता पर केंद्रित आयोजन हो रहे हैं उनके दूरगामी परिणाम निकलना है। कुपोषण का मूल कारण बच्चों का जन्म के समय ढाई किलो से कम वजन होना तथा गर्भवती माता के शरीर में आयरन की कमी के साथ-साथ माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का अभाव शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में समान रूप से देखा जाता है। और हम इस वर्ष पोषण माह में मौजूद खाद्य सामग्री के बारे में स्पष्ट विश्लेषण करते हैं तथा बता रहे हैं कि कुपोषण से मुक्ति के लिए दवाओं से ज्यादा हमारी खानपान की आदतों के सुधार की जरूरत है। पूरक पोषण आहार के अलावा नियमित रूप से मिलने वाले पोषण आहार यानी घर के भोजन में स्वच्छता एवं उसकी पौष्टिकता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी पाटन श्रीमती मोहिनी पटेरिया ने बताया- प्राकृतिक स्त्रोतों से प्राप्त सब्जी तथा परंपरागत आहार प्रणाली सबसे ज्यादा प्रभावी सिद्ध होती है अगर हम कुपोषण से समाज को मुक्त करना चाहते हैं। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे या तो बीमारी के कारण होते हैं या माता की



प्रसव पूर्व स्थिति जैसे उसका एनीमिक होना आहार नहीं लेना आदि शामिल है।

बाल विकास परियोजना बरगी में विधायक संजय यादव ने बरगी क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया इस अवसर पर विधायक जी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया तथा समुदाय एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को कुपोषण से मुक्ति के लिए एकजुटता दिखाने के महत्व पर विचार व्यक्त किए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी तथा जनपद सदस्य बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। इस संबंध में शिवानी मौर्य सहायक संचालक ने बताया- प्रमुख सचिव महिला बाल विकास एवं संचालक महिला बाल विकास विभाग द्वारा एक फुलप्रूफ कार्य योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिए हैं । जबलपुर जिले की कार्य योजना में हमने प्रेरक कार्यक्रमों का समावेश किया है। हमारा लक्ष्य है कि जबलपुर जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में समान रूप से आम जनता का ध्यान पोषण स्तर में सुधार के लिए जन आंदोलन का स्वरूप ले और प्रारंभिक चरण में ही यह अभियान तेजी से जनभागीदारी अर्जित कर रहा है। जबलपुर जिले की पाटन कुंडम शहपुरा मझोली पनागर जबलपुर (ग्रामीण) तथा जबलपुर सिटी की 6 परियोजनाओं में यह कार्यक्रम एक साथ कार्य योजना अनुसार संपन्न किए जा रहे हैं।

## भाजपा खोड़ मंडल की शशक्त कार्यशाला हुई संपन्न

**पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली।** भाजपा खोड़ मंडल आईटी सेल संयोजक प्रभुसिंह राव चांचौडी ने बताया कि भाजपा खोड़ मंडल कार्यशाला की बैठक मंडल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकड़ा की अध्यक्षता में चांचौडी में हुई संपन्न विधायक जोराराम कुमावत सुमेरपुर विधानसभा प्रवासी प्रभारी कमलेश दवे जिला महामंत्री मोहन जाट एंव प्रवासी संयोजक गिरिश अग्रवाल के सानिध्य में मंडल कार्यकर्ताओं को शशक्त मंडल बूथ संरचना शक्ति केंद्र को लेकर मार्गदर्शन किया विधानसभा प्रवासी प्रभारी कमलेश दवे ने मंडल पदाधिकारियों की एटेंडेंस लगाई जिसमें अनुपस्थित पदाधिकारियों को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों में उपस्थिति को अनिवार्यता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया शशक्त मंडल की तर्ज पर शशक्त बूथ सरंचना कर बुथस्तर पर भाजपा को मजबूत करने के लिए बुथध्यक्ष के साथ 21 कार्यकर्ताओं की टीम का गठन कर मतदाता सूची के पन्ने पर एक पन्नाप्रमुख बनाने सहित प्रत्येक बूथ एंव पन्नाप्रमुख की मॉनिटरिंग के लिए शक्तिकेन्द्र बनाकर शक्तिकेन्द्र संयोजक एंव सहसंयोजक की नियुक्ति कर सख्ती से शशक्त मंडल एंव शशक्त बूथ समिति का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए मंडल अध्यक्ष एंव मंडल



महामंत्री को सख्ती से निर्देशित किया शशक्त मंडल कार्यशाला में सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत विधानसभा प्रवासी प्रभारी कमलेश दवे जिला महामंत्री मोहन जाट जिलामंत्री जयवर्द्धन रांकावत पूनमसिंह परमार सहप्रवासी प्रभारी गिरिश महिलामोर्चा जिलामंत्री विमला देवासी मंडल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकड़ा रुपेश दाधिश सोहनसिंह भोपोजी नंदकिशोर परिहार मंडल महामंत्री धनाराम सीरवी नारायणसिंह बालराई उपाध्यक्ष नारायणसिंह राव मदन सीरवी किरण चौहान पीराराम देवासी मूलाराम सीरवी दुदसिंह शैतानसिंह चंपालाल मोहनसिंह शक्तावत सहित बड़ी संख्या में खोड़ मंडल कार्यकर्ता एंव मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शमशाबाद श्री आईमाता मंदिर में भादवी बीज का महोत्सव भव्य रूप से मनाया



**नारायणलाल सैणचा ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**हैदराबाद–**शमशाबाद बडेर में माँ आईजी का भादवी बीज जन्मोत्सव बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री व तामीलनाडु पॉन ब्रोकर व ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष तेजानन्द महाराज सघठन के युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रमेश भायल सीरवी व शम्शाबाद हैदराबाद एयरपोर्ट के डी.आई.जी. मदन किशोरसिंह के सानिध्य में सम्पन हुआ। इस प्रोग्राम में शमशाबाद बडेर के पूर्व अध्यक्ष हरजीराम काग वर्तमान कमेटी के अध्यक्ष आशाराम गेहलोत सचिव भूराराम परिहार उपाध्यक्ष मल्लाराम पवाँर, उपाध्यक्ष भोलाराम पवाँर सह सचिव जगदीश काग,कोषाध्यक्ष हरिराम परिहारिया,पूर्व सह सचिव व वर्तमान मीडिया प्रभारी भीकाराम काग राजस्थान से पधारे भीकाराम गेहलोत, तिलोकराम परिहार सलाहकार चेलाराम काग, बगदाराम परिहार ,राजूराम परिहार महिला मंडल की अध्यक्ष तीजादेवी गेहलोत सचिव भारती परिहारिया व नव निर्वाचित कमेटी की अध्यक्ष पारी देवी काग उनकी पूरी कमेटी व कार्यकारणी कमेटी के पूरे सदस्य व सभी सीरवी समाज के भाई बन्धुओ ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इसी के महिलाओं व नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा शानदार सांस्कृतिक नृत्य पेश किया जो सबको भाव विभोर कर दिया व अन्य समाज से पधारे धार्मिक आस्थाओं से जुड़े सभी राजस्थानी भाइयो ने माँ आईजी के दर्शन लाभ लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

### 43 युवाओं को मिलेगा रोजगार

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

दिनांक 08 सितंबर 2021 दिन बुधवार को समय 11 बजे शासकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्था पालडोंगरी में कैम्पस का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत श्री योगेन्द्र चौहान यशस्वी ग्रूप जबलपुर के ब्रांच मैनेजर , संस्था के प्राचार्य श्री एस.आर. कुसराम, टी पी ओ प्रभारी सतीश मानापूरे , आदर्श पटले प्रशिक्षण अधिकारी फिटर, आशीष ठाकुर प्रशिक्षण अधिकारी वेलडर, आशीष पटले स्टेनो हिन्दी , संजय जघेला ,श्रीमति शालिनी कुम्भरे राणे मैडम कोपा, कुमारी स्वाती गनवीर मैडम मोटर मैकेनिक ,अशोक कुमार नागदेवे प्रशिक्षण अधिकारी विधुतकार, अनिता मेरावी मैडम विधुतकार आदि ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया । उसके बाद श्री योगेन्द्र चौहान ने आज के कैम्पस के बारे में विस्तार से उम्मीदवारो को मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर श्री आदर्श पटले सर ने भी उम्मीदवारों को मोटीवेट कर कैम्पस के महत्व को बताया। उक्त कैम्पस के लिए 93 आवेदक उपस्थित हुए, जिसमें 43 आवेदको का साक्षात्कार के बाद चयन किया गया। जिसमें वाल्वो आइसर कम्पनी पीथमपुर के लिए 30 आवेदकों का ,कोजेट बडोदरा गुजरात के लिए 14 आवेदको का एवं विल्सपुन इंडिया के लिए 01 आवेदक का चयन किया गया ।

## तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज का 71 वां अवतरण दिवस 8 सितंबर को देश विदेशों में मनाया गया

**कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए मनाया अवतरण दिवस**

**पुष्पांजली टुडे**

**पाली।** कोरोना महामारी के चलते संगत को आश्रम में आने का मना किया गया 8 सितंबर को सतलोक आश्रम के द्वारा तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का 71 वां अवतरण दिवस देश विदेशों में मनाया गया , इस उपलक्ष में 6 सितम्बर से लेकर 8 सितम्बर तक तीन दिन लगातार संत गरीबदास जी महाराज की अमृतवाणी का अखंड पाठ भी रखा गया है । कोरोना महामारी की तीसरी लहर की स्थिति न बने इसलिए आश्रम में संगत को आने से मना किया गया है । तीन दिन लगातर फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव चलाया जा रहा है। संत रामपालजी का जन्म 8 सितंबर 1951 में हुआ था और 8 सितंबर 2021 को वह पूरे 71 वर्ष के हो गए। संत रामपाल जी के अनुयाई उनको कबीर साहेब का अवतार मानते हैं उनका मानना है कि कबीर साहिब ने डंके की चोट पर सत्य ज्ञान प्रचार किया था और वही ज्ञान



तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज ने डंके की चोट पर सत्य ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया और बताया कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब एक परमात्मा की संतान हैं, हमारा निज घर सतलोक में है, हमे गलत साधना नही करनी चाहिए, सतभगति करके अपने अमरलोक - सतलोक को चलना चाहिए मांस, मछली, शराब, एवं तंबाकू का सेवन मानव को नहीं करना चाहिए तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज ने अपने सद ग्रंथ वेद ,18 पुराण ,गीता ,बाइबल ,कुरान, गुरु ग्रंथ साहेब, में प्रमाण दिखाकर लोगों को सत्यज्ञान समझाया, जिसके परिणामस्वरूप आज लाखों की संख्या में लोग जुड़कर अपना मानव जीवन सफल कर रहे हैं। और बुराई से दूर हो रहे हैं जीवन परिचय के बारे में बात करें तो संत रामपाल जी पहले सिंचाई विभाग में जूनियर इंजीनियर की पोस्ट पर थे सन 1988 में उन्होंने स्वामी रामदेवानंद जी से नाम दीक्षा (गुरु मंत्र) ली। 1993 में उनके गुरुदेव स्वामी रामदेवानंद जी ने उन्हें सत्संग करने की तथा 1994 में अपना पदभार सौंपते हुए नाम दीक्षा प्रदान करने की आज्ञा दी । उसके बाद संत रामपाल जी ने जन कल्याण को अपना परमकर्तव्य समझते हुए घर-घर सत्संग करने शुरू किए । सत् ज्ञान समझकर नाम लेने वालों की संख्या बढ़ने के कारण सन्त रामपाल जी ने सिचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर की पोस्ट से त्यागपत्र दे दिया और सन 1994 से घर-घर, गांव-गांव, नगर-नगर में जाकर सत्संग किए जिसके परिणामस्वरूप आज पूरे भारत वर्ष और अन्य देशों से मिलाकर करोड़ों में संगत इस मिशन में जुड़ चुकी है। अनुयायियों का मानना है कि अन्य देशों को मिलाकर दर्जनों सुप्रसिद्ध भविष्य वक्ताओं के द्वारा की गई भविष्यवाणियां संत रामपालजी पर खरी उतरती है इन्हीं के द्वारा विश्व में एक बड़ा परिवर्तन लाने के संकेत भी दिए हैं।

**तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज का उद्देश्य**

1 विश्व को सत भक्ति देकर मोक्ष प्रदान करना

2 समाज से जाती- पाती के भेद को मिटाना

3 युवाओं में नैतिक और आध्यात्मिक जागृति लाना

4 भ्रष्टाचार को खत्म करना तथा समाज से हर प्रकार के नशे को दूर करना

5 दहेज रूपी कुरीति को जड़ से खत्म करना.

6 देश में शांति व भाईचारा स्थापित करना

## इंजीनियर कुंवर नागदेवें ने अपने 67 वें जन्मदिवस पर परिवर्तन आश्रम स्थल का भूमि-पूजन

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट।** विधानसभा चुनाव लड़ चुके इंजीनियर कुंवर नागदेवें ने अपने 67 वें जन्मदिवस पर जिले की लांजी तहसील अंतर्गत अपने निजी ग्राम में 50 वर्ष पूर्व संकल्पित परिवर्तन आश्रम का भुमिपूजन कार्य किया। परिवर्तन आश्रम का निर्माण कार्य भी शिघ्र ही ग्राम घोटी घुसमारा के वनाच्छादित भुमी में प्रारंभ होगा। परिवर्तन आश्रम का भुमिपूजन बालाघाट आश्रम से पधारे आचार्य सत्यानंद अवधुत एवं आचार्य नित्यानंद अवधुत तथा अतिथियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

**देश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा हूं - इंजीनियर कुंवर नागदेवें:** इंजीनियर कुंवर नागदेवें ने अपने 67



वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित परिवर्तन आश्रम के भुमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह जो आश्रम है यह विश्व का नंबर एक आश्रम होगा इसमें सभी प्रकार की सुविधाएं होगी, और सभी निशुल्क होगी। किसी को भी किसी चीज की कमी नहीं होगी। प्रशिक्षण, शिक्षण, दवा, भोजन, रोजगार सभी उपलब्ध होंगे। जाति धर्म से परे सभी धर्म के लोग रहेंगे। आश्रम का मतलब ही है कि आओ और श्रम करो। इस आश्रम को तैयार करने के लिए धन के रूप में लोग दान करेंगे और उस दान से धन प्राप्त होगा जिसे इस आश्रम में लगाया जाएगा। साथ ही मैं राहबर आने वाले समय में देश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा हूं तो देश में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दूंगा।

**इनकी रही गरिमामई उपस्थितिः** परिवर्तन आश्रम के भुमिपूजन एवं इंजीनियर कुंवर नागदेवें के जन्मदिन के कार्यक्रम में बालाघाट आश्रम से पधारे आचार्य सत्यानंद अवधुत, आचार्य नित्यानंद अवधुत, बी आर गणवीर, राहुल जी, मोहनलाल डहारे, समीर टाटीकर, राजकुमार सोरकुरे, अंकेश मडामे, विकास बिसेन, राहुल जांभुरे, कैलाश डहारे, कुष्यंत डहारे, आदित्य नागदेंवे, रितुराज नागदेवे एवं ग्रामीण जन, ग्राम की महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी के द्वारा उक्त कार्य के लिए इंजीनियर कुंवर नागदेवें को धन्यवाद दिया।

## कमरे में सोई महिला को कुंदी बन्द कर पुठियन में लाखों की डकैती

**पुष्पांजली टुडे**

**इटावा ।** महेवा ब्लॉक के ग्राम पुठियन निवासी अरुण प्रताप पुत्र राम सेवक अपनी पत्नी कैमी लता किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। घर पर केवल उनकी अरुण प्रताप की भाभी शशिप्रभा घर पर अकेली थी। जो अपने कमरे में सो रही थी। तभी रात में पहले से घात लगाए बैठे चोर चैनल खोलकर घर के अंदर घुस गए और कमरे में सो रही शशिप्रभा को बाहर से कुंदी लगाकर बन्द कर दिया। फिर दूसरे कमरे का गेट तोड़कर उसके अंदर रखे एक हार, 7 अंगूठी, एक बेंदी, झुमकी, दो जोड़ी बृजवाला, सोने की चेन, सोने के कंगन,सोने की नथ, कमरबन्द, बच्चों के कंगन हाय, चांदी के कमरबन्द, चाँदी की पायलें सहित लगभग 8 लाख रुपये के



सोने व चांदी के गहने कीमती कपड़े व नकदी उड़ा ले गए। सुबह जब ग्रामीणों में देखा तो चैनल व गेट टूटा था, सारा सामान बिखरा पड़ा था। फिर जब सोई शशिप्रभा के कमरे की कुंदी खोलकर शशिप्रभा को बाहर निकाला तो बिखरा हुआ सारा सामान देखकर उसके होश उड़ गए। तत्काल 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांचपड़ताल में जुटी। क्षेत्र में हो रही इस तरह की घटनाओं से दहसत का माहौल बना हुआ है। अब देखना ये है कि क्या पुलिस इन चोरो को पकड़ने में कामयाब होती है या फिर ऐसे ही चोरों के हौसले बुलंद बने रहेंगे।

## वन-टू-वन

### नाबालिग को नहाते समय बाथरूम मे झांककर देखने वाला युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी के हबीबंगज थाना इलाके मे बाथरूम गई आठ साल की मासूम के मोहलले मे ही रहने वाले आरोपी युवक द्वारा छेडख़ानी किये जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि आरोपी युवक बाथरूम के पास छिपकर खड़ा होकर ताकझांक कर रहा था। नाबालिग की उस पर नजर पड़ी तो वहां से जाने के बजाए वह गाना गाकर छेडख़ानी करने लगा। किशोरी घबराकर अपने घर जाने लगी तो मनचला पीछा करते हुए उसके घर तक जा पहुचां। बाद मे परिवार वालो के साथ थाने पहुचीं पीडीता कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे आरोपी गिरफ्तार कर लिया। हबीबगंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आठ साल की मासूम शांति नगर बस्ती में रहती है। बीती रात करीब नौ बजे वह अपनी बड़ी बहन के साथ घर के पास ही टहल रही थी। उसके माता-पिता घर के अंदर थे। थोड़ी देर टहलने के बाद नाबालिग बड़ी बहन को सड़क पर ही छोड़कर बाथरूम चली गई। इसी दौरान उसने देखा कि एक युवक उसे छिपकर देख रहा है। किशोरी की नजर युवक पर पड़ी लेकिन इसके बाद भी आरोपी वहां से नहीं हटा, साथ ही नाबालिग को देखकर अश्लील गाने गाते हुए उसके साथ छेडख़ानी करने लगा। किशोरी ने जोर से शोर मचाते हुए वहां से भागने लगी। सड़क पर आने पर उसने देखा कि आरोपी युवक मोहल्ले में ही रहने वाला बिरजू लोखंडे है। मासूम के शोर मचाने के बाद भी बिरजू ने उसका पीछा करना नहीं छोड़ा ओर पीछा करते-करते घर के बाहर तक पहुंच गया। वहीं किशोरी ने फिर शोर मचाया तो उसकी आवाज सुनकर उसके परिजन घर के बाहर आ गए जिन्हे देख आरोपी वहॉ से भाग गया।

### जालसाज ने झांसा देकर व्यापारी की 150 बोरी सीमेंट हड़पी

**भोपाल।** राजधानी के कोलार इलाके मे बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर को एक जालसाज ने मकान बनवाने का झांसा देकर डेढ़ सौ बोरी सीमेंट का चूना लगा दिया है। घटना 19 अगस्त की है। जिसकी लिखित शिकायत की जॉच के बाद निशातपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी राहुल चौहान ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उसकी कोलार रोड में सीमेंट, गिट्टी, सरिया व अन्य बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई की दुकान है। बीते दिनो एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर खुद को प्रियांश पाठक बताते हुए 150 बोरी सीमेंट का आर्डर दिया था। 19 अगस्त को निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर रेलवे की रैक से सीमेंट की खेप आने पर फरियादी दुकान संचालक ने प्रियांश पाठक से संपर्क किया, ओर उसके बताए गए स्थान संजीव नगर में सीमेंट की खेप भेज दी। कुछ दिन बाद जब फरियादी ने पेमेंट के लिए संपर्क किया तो उसका मोबाइल बंद आने लगा। फरियादी ने जहां सीमेंट उतरवाया था, वहां पहुंचा तो उसे किसी अन्य व्यक्ति का मकान बनते हुए मिला। आसपास के लोगों ने उस कॉलोनी में किसी प्रियांश पाठक नाम के व्यक्ति का मकान होना या बनना नहीं बताया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने किसी दूसरे के निर्माणाधीन मकान को अपना बताकर डेढ़ सौ बोरी सीमेंट मगंवाई ओर फिर दूसरा वाहन बुलाकर पूरा सीमेंट भरकर फरार हो गया। आरोपी के बारे मे फरियादी को कोई जानकारी भी नहीं है। फिलहाल पुलिस मोबाइल नंबर व हुलिए के आधार पर उसकी सुरागशी के प्रयास कर रही है।

### पीएम बोरिस जानसन ने सांसदों को शराब की दावत पर बुलाया, एक शर्त से सांसदों में नाराजगी

**लंदन (ए)।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कंजरवेटिव पार्टी के साथी सांसदों को डाउनिंग स्ट्रीट में शराब की दावत पर आमंत्रित किया है। हालांकि,दावत में शरीक होने के लिए सांसदों पर शर्त भी लगा दी गई है। उन्हें कोविड पास, वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट या कोविड-19 की हालिया नेगेटिव रिपोर्ट साथ लानी थी। इसके बाद कई सांसदों ने नाराजगी जाहिर की है।आमंत्रण के संदेश में लिखा है कि सुरक्षा और बचाव कारणों से प्रवेश के लिए आपको अपना एनएचएस कोविड पास पेश करना होगा, जो यह प्रमाणित करता हो कि टीके की दोनों खुराकें ली जा चुकी हैं। इसके अलावा कोविड-19 जांच की हालिया नेगेटिव रिपोर्ट भी पेश कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि जॉनसन ग्रीष्म अवकाश के बाद सासंदों के समूहों के साथ बैठक कर रहे हैं।न्यू फॉरेस्ट वेस्ट से कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य सर डेसमंड स्वैन ने कहा, 'मैं दावत में शिरकत करूंगा।

# अब खेरागढ़ में किसानों को उपलब्ध होगा उच्च क्वालिटी का बीज..

### भारतीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर ने किया आईएसपी के नवीनतम बीज स्टोर का शुभारंभ





**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**आगरा/खेरागढ़** - अब खेरागढ़ में अन्नदाता किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज सहज ही उपलब्ध हो सकेगा। बुधवार को भारतीय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर ने आईएसपी के नवीनतम बीज स्टोर हलधारी का शुभारंभ दीपशिखा पेट्रोल पंप पर किया। सांसद राजकुमार चाहर ने किसानों को उच्च क्वालिटी के बीज उपलब्ध कराने वाली इन्वेंटिव सीड्स प्रा. लि. के नवीनतम बीज स्टोर हलधारी का उद्घाटन फीता काटकर किया गया वहीं सांसद द्वारा सीड्स कंपनी द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी में किसानों को संबोधित किया गया। किसान गोष्ठी में इन्वेंटिव सीड्स के प्रबन्ध निदेशक डॉ जसवंत सिंह ने कहा कि किसानों को अपने हितों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना भी हमारा लक्ष्य रहेगा, जिससे किसान शिक्षित होकर खुद लाभ ले सकें और दूसरों को भी लाभ दिलवा सकें और उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि हम किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीच उपलब्ध कराएंगे और साथ ही तकनीकी सेवाएं भी हलधारी स्टोर पर उपलब्ध कराई जाएगी

#### उत्तम बीज यानी उत्तम फसल और उत्तम मूल्य..

मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने कहा कि आईएसपी के बीज स्टोर का उद्देश्य किसानों को उत्कृष्ट बीज उपलब्ध कराना है। अगर किसानों को सही और बढ़िया बीज मिलेगा तो उनकी फसल बढ़िया होगी और उनको उस फसल का मूल्य भी अच्छा मिलेगा।

हलधारी स्टोर के बारे में जानकारी देते हुए हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आदित्य विक्रम सिंह जी ने कहा कि आगे हम आईएसपी सीड्स के साथ में हलधारी का स्टोर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के कई पेट्रोल पंपों पर स्थापित करेंगे और किसानों को उच्चतम क्वालिटी के बीज कम रेटों पर डायरेक्ट उपलब्ध कराएंगे।

इस मौके पर स्टोर के संचालक माधव गर्ग ने कहा कि हमारा लक्ष्य किसानों को उचित मूल्य में अच्छा बीज और अच्छी कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराना है।

आगंतुक अतिथियों का स्वागत सम्मान पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुधीर गर्ग गुड्डू द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से इन्वेंटिव सीड्स के एमडी डॉ जसवंत सिंह, कृषि विशेषज्ञ प्रशांत पचेरीवाल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य विक्रम सिंह, पूर्व विधायक अमर सिंह परमार ,हिंदुस्तान पेट्रोलियम के बिक्रीय प्रबंधक राहुल मिश्रा, सहजिला कृषि अधिकारी अजय वर्मा ने भी समारोह में विचार व्यक्त किए। पूर्व प्रधानाचार्य ओपी सिकरवार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

# वैक्सीनेशन महाभियान में आमजन को जागरूक कर एसडीएम एवं एसडीओपी की मेहनत लाई रंग

**अम्बाह क्षेत्र बैक्सीनेशन अभियान में हुआ अब्बल...**

**केशब पंडित जी अम्बाह**
**पुष्पांजली टुडे**



**अम्बाह...** बैक्सीनेशन अभियान के तहत अम्बाह एसडीएम राजीब समाधिया एवं एसडीओपी अशोक सिह जादौन की जुगल जोड़ी से अम्बाह क्षेत्र पूरे जिले में बैक्सीनेशन अभियान में अब्बल आया है इसमे दोनो अधिकारियों व नगर पालिका सीएमओ रामनिबाश शर्मा के द्वारा लगातार लोगो को जागरूक किया जा रहा है और इसी मेहनत के चलते आज प्रत्येक बैक्सीनेशन सेंटरों पर अत्यंत भीड़ हो रही है और कई ग्राम तो ऐसे है जिसमे पूर्ण बैक्सीनेशन होकर प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है और इसी क्रम में आज एसडीएम एबं एसडीओपी जी द्वारा अम्बाह पोरसा क्षेत्र के रूऊर बरबाई,भदौरियापुरा,रतनबसई,रमिढेला, व एवं अम्बाह हॉस्पीटल के सेंटरों को जाकर चेक किया और उन्हें ओर अच्छा करने की समझाइस दी गयी ओर लोगो को मास्क लगाकर रखने की अपील की ओर अफवाहों से साबधान रहे कि बात कही उन्होंने कहा कि बैक्सीन लगबाने से शरीर को ताकत मिलती है न कि कोई हानि होती है इसलिए बैक्सीनेशन अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और अपनी एवं सरकार की सहायता करें ।

**बोर्ड परीक्षाओं का लिया जायजा:** एसडीएम राजीब समाधिया जी ने अम्बाह पोरसा क्षेत्र में चल रही बोर्ड परीक्षाओं का जायजा लिया और छात्रों को कोई समस्या न हो या कोई दिक्कत आयी हो तो समस्याओं को जाना और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने में अहम भूमिका निभाई।

# जीएसटी विभाग ने मारा छापा: लालकृष्ण-जगन्नाथ फर्म पर मारा छापा, तेल व घी का करते हैं कारोबार



**गौरव शर्मा रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

मुरैना की प्रतिष्ठत फर्म लालकृष्ण-जगन्नाथ फर्म पर बुधवार को ग्वालियर से आई जीएसटी विभाग की टीम ने छापा मारा। विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ने बताया कि फर्म द्वारा जीएसटी न भरने की शिकायत विभाग को मिल रही थी। इसकी वजह से फर्म पर छापा मारा गया है। यहां बता दें, मुरैना की प्रतिष्ठित फर्म लालकृष्ण-जगन्नाथ द्वारा घी व तेल का कोराबार किया जाता है। इस फर्म का कारोबार काफी व्यापक स्तर पर किया जाता है। जिले के आस-पास के जिलों में भी इस फर्म का माल जाता है। फर्म द्वारा सजल ब्राण्ड के नाम से घी सप्लाई किया जाता है। इसी के नाम ते तेल की सप्लाई की जाती है *आस-पास के फर्म संचालकों में भय*जीएसटी विभाग की गाड़ियां जैसे ही बाजार में रुकी। बाजार में मौजूद फर्म संचालक भयभीत हो गए। उन्हें लगा कि कहीं उनके यहां तो छापा नहीं पड़ रहा है। लेंकिन जैसे ही सभी अधिकारी व फोर्स लालकृष्ण-जगन्नाथ के फर्म पर पहुंची तो उन्हें राहत की सांस आई। कार्रवाई निरंतर चल रही हैं *कहते हैं अधिकारी फर्म द्वारा लंबे समय से जीएसटी भरने में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी। दस्तावेजों की स्क्रूटनी चल रही है। शाम तक कार्रवाई चलेगी।

**राजेश धाकड़,** असिस्टेंट कमिश्नर, जीएसटी।

### वरथुर आईमाता मंदीर में भादवी बीज का महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा



**बेंगलूरू**– वरथुर आईमाता मंदीर में आज भादवी बीज का महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया ।जिसमे सीरवी समाज के बन्दुओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया । व महिलाओं व नन्हे मुन्ने बच्चो शानदार सांस्कृतिक नृत्य पेश किया जो सबको भाव विभोर कर दिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथी पाली से भारतीय जनता पार्टी के पुनाराम भायल , सीरवी समाज महासभा अध्यक्ष वीरम सोलंकी, वरथुर बढेर अध्यक्ष चोलाराम भायल, सीरवी समाज महासभा मीडिया प्रभारी कैलाश बर्फा , वरथुर बढेर उपाध्यक्ष सुजाराम काग, व भुण्डाराम राठौड़ सभी ने मिलकर कर भादवी बीज उत्सव मनाया।

# अरूण यादव के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी से मुलाकात कर दोषियों पर

**भोपाल।** प्रदेश में लगातार आदिवासी वर्ग पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। नीमच, नेमावर, देवास, रीवा, मुरैना, बालाघाट आदि जिले में आदिवासी वर्ग के साथ घटित हो रही प्रदेश को शर्मसार करने वाली वीभत्स घटनाओं से लोगों का ध्यान अभी हटा नहीं और खरगोन जिले के बिस्टान में आदिवासी पर पुलिस प्रताड़ना से एक और मौत की चीख-पुकार फिर सुनाई देने लगी, आदिवासी बिसन को पुलिस कस्टडी में पुलिस द्वारा थर्ड डिग्री का प्रयोग कर उसे प्रताड़ित कर मार दिया गया। इस घटना से पूरे जिले में आदिवासी वर्ग के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।



जहां प्रदेश कांग्रेस ने संज्ञान लेते हुए इस घटना की जांच हेतु समिति बनायी है, वहीं आज प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरूण यादव ने प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी देते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही घटना में संलिप्त निलंबित किये गये दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज किये जाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में श्री यादव के साथ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता जे.पी. धनोपिया, रवि सक्सेना, अवनीश बुंदेला, अब्बास हाफिज, विक्की खोंगल, मो. सगीर, मिर्जा नूर बेग, मोनू सक्सेना, लोकमन कुशवाहा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। श्री यादव ने आदिवासी युवक की मौत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आखिर आदिवासियों के साथ दमनकारी रवैया क्यों अपनाया जा रहा है, ये घटनाएं प्रदेश को बेहद शर्मसार करने वाली घटनाएं हैं, सरकार इन घटनाओं पर मौन क्यों है? उन्होंने लचर कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए अपराधियों पर उचित दण्डात्मक कार्यवाही न होने पर पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैया को भी जिम्मेदार ठहराया।

श्री यादव ने कहा कि पुलिस अभिरक्षा में हुई बिसन की मौत से उसका परिवार असहाय हो गया है, ऐसी स्थिति में मृतक आदिवासी के परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया करायी जाये, घटना की जांच हेतु उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। साथ ही प्रदेश सरकार आदिवासियों के साथ हो रही घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश दें। अन्यथा कांग्रेस पार्टी आदिवासी वर्ग के साथ खड़े होकर उनके न्याय की लड़ाई सड़कों पर लड़ने के लिए बाध्य होगी।

# मजबूत संगठन हमारी शक्ति मंडलम और सेक्टर अध्यक्षों का जल्द हो गठन गोविंद सिंह

### 16 तारीख के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आवाहन किया मेवाराम

**मोहन मांझी**
**पुष्पांजली टुडे**

गोहद । गोहद में आदर्श वाटिका में मंडलम अध्यक्ष सेक्टर एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह ने कहा कि आज की बैठक मैं कांग्रेस संगठन के विस्तार के लिए रखी गई है आज भाषण नहीं केवल विस्तार पर चर्चा होगी डॉ सिंह ने कहा कि हमें नवीन कार्यकारिणी विस्तार में निष्ठावान मेहनत करने वाले जन समस्याओं के लिए संघर्ष करने वाले कांग्रेस की विचारधारा रखने वाले कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में लेना है नवीन कार्यकारिणी का विस्तार पूरे धैर्य और परीक्षण के बाद किया जाए हमें फर्जी कार्यकर्ताओं की आवश्यकता नही मजबूत शक्ति है विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कि चुनाव पोलिंग बूथ पर कार्यकर्ता लड़ता है ना कि विधायक और कांग्रेस के पदाधिकारी प्रत्येक पोलिंग बूथ पर हमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सोच समझ कर देनी होगी अभी गोहद विधानसभा में 3 ब्लॉक हैं एक ब्लॉक अध्यक्ष और बढ़ाया जाएगा उन्होंने आग्रह किया कि जो कार्यकर्ता जितनी क्षमता रखता है उसी में कार्य करें क्षमता से अधिक कार्य करना ना तो उसके लिए ठीक है और ना ही संगठन के लिए जिस कार्यकर्ता का डीएनए कांग्रेसका हो वही कांग्रेस का कार्य करें और कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर कार्य करें भिंड जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा है कि मंडलम अध्यक्ष एवं कांग्रेश की नवीन कार्यकारिणी का गठन अतिशीघ्र करना है कार्यकर्ता दिन रात काम करते हैं और उनका काम बोलता है वरिष्ठ नेतृत्व मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं और छोटे मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं




को बड़े पदों पर पहुंचाना कांग्रेस संगठन का कार्य है इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करना है पार्टी विरोधी बयान बाजी सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता ना करें अनुशासन में रहकर ही पार्टी फोरम पर चर्चा करें और आगे आने वाले दिनों में होने वाले आंदोलन की रूपरेखा के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें इस अवसर पर मंच पर कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तोमर जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा गोपाल पचौरी आशीष गुर्जर दशरथ शैलेंद्र सिंह गुर्जर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आशीष गुर्जरआदि नेताओं ने मंच पर अपने विचार रखें आज बैठक में संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा की गई इस अवसर पर नवीन किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों को प्रमाण पत्र और नियुक्ति पत्र जारी किए गए आज की बैठक में विशेष रूप से गोहद नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा गुड्डू भदौरिया उमेश काकर केशव देसाई रेखा बसेड़िया मालती जाटव रागिनी चौहान केदार कौशल कुलदीप सिंह गुर्जर डॉ धर्मवीर दिनकर सरदार मलकीत सिंह अरविंदर बरार सूर्यभान उर्फ बंटी गुर्जर रणवीर गुर्जर मुन्नी भाटेले विवेक बंसल श्याम बंसल मुन्ना सोनी रूप सिंह तोमर बॉबी जर्मन साबू खान मनोज गुप्ता डॉक्टर बीपी गुर्जर खड़क सिंह तोमर परमाल सिंह एडवोकेट दाताराम बंसल डॉ राजेंद्र निगोतीया फिरदोस मोहम्मद कुरैशी पिंकी उचाडिया संग्राम सिंह तोमर संजू तोमर सुधीर जादौन लखपत सिंह सुमित त्रिवेदीया कैलाश माहोर हरिमोहन सिंह गुर्जर कमल सिंह तोमर धारा जाटव गुड्डटी शर्मा देवी सिंह तोमर महाराज सिंह तोमर राघवेंद्र सिंह तोमर सत्येंद्र सिंह तोमर स्वराज सिंह तोमर जावेद पठान शेकू खा रामहेत जाटव बबलू बरिया नरोत्तम चौरसिया इत्यादि भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे आज की कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक का समापन नगर कांग्रेस अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुद्गल ने किया कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र दशरथ सिंह गुर्जर ने किया।

# जिले में शेष लोगों को सरकार एवं समाज के साझा प्रयासों से लगेंगे टीके

### सांसद श्री शेजवलकर एवं कलेक्टर श्री सिंह की मौजूदगी में हुई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं शासकीय सेवकों की संयुक्त बैठक

**ग्वालियर।** सरकार एवं समाज के साझा प्रयासों से ग्वालियर जिले में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। टीकाकरण में सहयोग करने के लिये जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण आगे आए हैं। इन सभी की बीएलओ एवं टीकाकरण से जुड़े विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों की सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की मौजूदगी में संयुक्त बैठक हुई। जिले में कोरोना वैक्सीन का प्रथम डोज लगाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए बैठक में सभी ने एक सुर में हामी भरी। बुधवार को यहाँ जीवाजी विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल अटल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुई संयुक्त बैठक में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने आह्वान किया कि सभी जनप्रतिनिधिगण दलगत भावना भुलाकर इस पुनीत अभियान में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा जिस तरह मतदान के दिन हम सभी लोगों को वोट डालने के लिये घर-घर जाकर प्रेरित करते हैं, उसी तरह घर-घर संपर्क कर शेष लोगों को कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाएँ। उन्होंने कहा कोरोना के खिलाफ जंग जीतने के लिये जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को शासन - प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा। यह सफलता तभी मिलेगी जब कोई भी व्यक्ति टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा। सांसद श्री शेजवलकर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितम्बर को जन्मदिवस है। यदि इस तिथि तक हम ग्वालियर जिले के शत-प्रतिशत लोगों को कोरोना वैक्सीन के प्रथम डोज का टीका लगवाने में सफल रहे तो यह प्रधानमंत्री के लिये ग्वालियर का सबसे बड़ा उपहार होगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि लोगों की जिंदगी से जुड़े इस पुनीत अभियान के लिये विशेष रणनीति बनाई गई है। जिसके तहत साझा प्रयासों से 10 दिन में जिले के शेष लोगों को कोरोना के प्रथम डोज का टीका लगाने का लक्ष्य हासिल करने के प्रयास होंगे। सभी के सहयोग से निश्चित ही इसमें सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बीएलओ और बीएलए समन्वय बनाकर काम करें, जिससे कोई भी व्यक्ति छूटे नहीं। कलेक्टर ने कहा कि शतप्रतिशत टीकाकरण करने के लिये घर-घर कुंडी बजाएँ और ढोल-ढमाके के साथ निकलें, जिससे टीकाकरण के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि ग्वालियर जिले ने साझा प्रयासों से एक दिन के भीतर एक लाख टीके लगाने का लक्ष्य भी हासिल किया है। इसलिये निश्चित ही इस अभियान में भी हम सब सफल होंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री किशोर कान्याल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, एसडीएम झाँसी रोड़ श्री सी बी प्रसाद, एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप सिंह तोमर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर के गुप्ता ने भी टीकाकरण से संबंधित उपयोगी बातें बताईं।



## नैनो न्यूज

### कैप्टन रूप सिंह को दी श्रद्धांजलि

**ग्वालियर।** हॉकी के महानायक, जादूगर कैप्टन रूप सिंह को उनकी जयंती पर कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम स्थित कैप्टन रूप सिंह पार्क में उनकी प्रतिमा स्थल पर आज 8 सितंबर को स्वर्गीय कै. रूप सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर विनोद कटारे ने कहा कि कैप्टन रूप सिंह ने देश ही नहीं विदेशों में कैप्टन रूप सिंह को हॉकी के जादूगर के रूप में जाना जाता रहा है उन्होंने हॉकी के खेल के क्षेत्र में अविस्मरणीय स्थान प्राप्त किया है जो आज हम सभी के लिए बड़े ही गर्व की बात है। धान जली अर्पित करने वालों में विनोद कटारे, मदन गुप्ता, दिलशाद खान, एनपी शर्मा, प्रयाग शर्मा, कमल काका, रईस कुरेशी सहित अनेकों खेल प्रेमियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### बीएसएफ के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारियों का आकदमी का दौरा एवं संगोष्ठी संपन्न



**टेकनपुर।** बीएसएफ के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारियों का गत छह से आठ सितंबर तक अकादमी का भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर एक संगोष्ठी चेंजिंग डायनामिक्स ऑफ बार्डर मैनेजमेंट ए चेंज पैरडाइम विषय पर संपन्न हुई। इस दौरान भौगोलिक राजनैतिक परिवेश पर चर्चा हुई और इसकी भारत के पश्चिमी सीमांत पर असर डालने ाली सुरक्षा संबंधी समस्याओं पर चर्चा हुई। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारियों द्वारा अकादमी टेकनपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुक अधिकारियों से वार्तालाप किया तथा भविष्य में प्रभावी नेतृत्व के लिये प्रभावी सुझाव दिये। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम का समापन आज आठ सितंबर को निदेशक अकादमी टेकनपुर पर हुआ।

### सागर ताल में मिली युवक की लाश

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित सागर ताल में बुधवार की सुबह एक युवक की लाश मिली है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह बढ़ापुर थाने को सूचना मिली कि सागर ताल में एक युवक की लाश पड़ी है ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मौके से एक युवक के शव को कब्जे में लिया। मृतक की जेल में मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त बिरला नगर निवासी आनंद कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेज हजीरा थाने को मामले की सूचना दी गई है।

### घर से नगदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** शहर के महाराजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित पदमपुर खेरिया में छत के सहारे मकान में घुसे चोर नगदी गहने सहित हजारों का माल चोरी कर ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाने के पदमपुर खेरिया निवासी श्यामलाल बीती रात खाना खाने के बाद परिवार सहित घर में सो गए थे ।रात को छत के सहारे उनके मकान में चोर घुस आए और कमरे में अलमारी में रखी 26 हजार की नगदी तथा सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तब चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### हादसे में घायल ने दम तोड़ा

**ग्वालियर।** बीते रोज महाराजपुरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए युवक की आज उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार शहर के आपागंज निवासी एहसान खान बीते रोज महाराजपुरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हो गए थे ।उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जरूरत मंद पात्र हितग्राहियों को वितरित किये आयुष्मान कार्ड, हाथठेला कार्ड व राशन की पात्रता पर्ची

### 38 नम्बर कार्यालय पर शिकायत निवारण पेटी लगाई

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने 38 नम्बर कार्यालय पर जन समस्यायें सुनते हुए कहा कि आमजन की सुविधा के लिए 38 नम्बर कार्यालय पर शिकायत निवारण पेटी लगाई गई जहां पर कोई भी व्यक्ति किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ अपनी शिकायत एक आवेदन पर लिखकर पेटी में डाल सकता है, तथा शिकायत करने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। आज प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर हाथठेला, कामकाजी महिला पेंशन, मजदूरी व आयुष्मान के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित करते हुए कहा कि हर पात्र हितग्राही को शासन की प्रत्येक योजना का लाभ दिलाना मेरी जिम्मेदारी है। मेरा प्रयास है कि क्षेत्र में कोइ भी गरीब व्यक्ति भूखा न रहे व उनको अपने घर के नजदीक ही शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि 38 नम्बर कार्यालय पर शिकायत निवारण पेटी लगाई गई है, जिसमें आमजन किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की शिकायत कर सकते हैं। अगर आपसे कोई अधिकारी व कर्मचारी किसी कार्य के बदले रूपये मांगता है या आपका कार्य करने में अनाकानी कर रहा है, तो आप उसकी शिकायत कर सकते हैं, आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। इसके साथ ही कार्यालय पर आने वाले नागरिकों की बारी बारी से समस्या सुनी तथा उनका निराकरण भी त्वरित किया गया। उन्होंने वार्ड 1,2,3,4 व 5 के हाथठेला व कामकाजी 182, मजदूरी कार्ड 28, आयुष्मान 273 व राशन की पात्रता पर्ची 212 के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित करते हुए कहा प्रदेश सरकार की मंशानुसार आपकी समस्या के निराकरण के लिए आपके क्षेत्र में कंप आयोजित कर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। साथ ही 38 नम्बर कार्यालय पर आने वाले आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का निराकरण समय सीमा में होना सुनिश्चित किया जाए।



# रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर हो कड़ी कार्रवाई

**सभी जिलों में नाके स्थापित किए जाएँ , राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के अधिकारी करें समन्वित प्रयास , संभाग आयुक्त एवं आईजी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल संभाग में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध पुलिस प्रकरण कायम करने के साथ-साथ उपयोग में लाए गए वाहनों को भी राजसात करने की कार्रवाई की जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने ग्वालियर-चंबल संभाग के जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की बैठक में यह बात कही। बैठक में ग्वालियर रेंज के आईजी श्री अविनाश शर्मा, चंबल रेंज के आईजी श्री सचिन अतुलकर सहित दोनों संभागों के जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित वन, राजस्व सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने समीक्षा बैठक में कहा है कि ग्वालियर - चंबल संभाग के सभी जिलों में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिये नाके स्थापित किए जाएं। सभी नाकों पर सीसीटीव्ही कैमरे भी लगाए जाएँ। इन नाकों पर 24ङ्ग7 के लिये राजस्व, पुलिस, खनिज के अधिकारी तैनात किए जाएँ। इसके साथ ही जिन ठेकेदारों को रेत परिवहन का ठेका मिला है उनके व्यक्ति अगर बैठना चाहें तो बैठने की अनुमति दी जाए। नाकों पर चैकिंग प्रभावी हो और इसकी मॉनीटरिंग भी वरिष्ठ अधिकारी करें।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने यह भी निर्देशित किया है कि वर्तमान वर्षा ऋतु में रेत के उत्खनन पर रोक लगी है। इस समय कहीं पर भी रेत का उत्खनन नहीं होना चाहिए। जिला कलेक्टरों के माध्यम से जिन ठेकेदारों को रेत संग्रहण की अनुमति दी गई है वे ही संग्रहण स्थल से परिवहन कर सकते हैं। बिना अनुमति के रेत संग्रहण करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाए। खनिज विभाग के माध्यम से जिन ठेकेदारों को रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की अनुमति मिली है उन्हें हर संभव सहयोग प्रशासन का मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।



समीक्षा बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि बिना रॉयल्टी के कोई भी वाहन रेत, परिवहन करता पाया जाए तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही वाहनों में क्षमता से अधिक रेत का परिवहन करने वाले वाहन संचालकों के विरूद्ध भी कार्रवाई करें। ग्वालियर आईजी श्री अविनाश शर्मा ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की शिकायतें मिलती हैं। इन शिकायतों पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तत्परता से कड़ी कार्रवाई करें। अवैध उत्खनन के कार्य में लगे हुए लोगों के विरूद्ध पुलिस प्रकरण भी कायम किए जाएँ। अवैध उत्खनन में लगे वाहनों एवं मशीनरी को भी जब्त करने की कार्रवाई की जाए। राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के समन्वय से रेत के अवैध कारोबार को सख्ती से रोका जा सकता है। आईजी चंबल रेंज श्री सचिन अतुलकर ने बैठक में कहा कि चंबल संभाग के भिण्ड एवं मुरैना में भी रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जाना चाहिए। राजस्व विभाग को पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर रेत के अवैध व्यवसाय में लगे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करें। खनिज विभाग का अमला भी निरंतर निगरानी करे और कहीं से भी अवैध उत्खनन, परिवहन की जानकारी मिलती है तो पुलिस एवं राजस्व विभाग के सहयोग से तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**ग्रामीणों के झगड़ों को निपटाने के लिये बीट स्तर पर समाधान केन्द्र बनेंगे:** संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने समीक्षा बैठक में कहा है कि ग्रामीण स्तर पर कानून व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों के छोटे-मोटे झगड़े वहीं निपटे, उन्हें जिला स्तर पर अपने झगड़े शिकायतों को लेकर नहीं आना पड़े। इसके लिये वीट सिस्टम लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

### ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ रजि का गणेश महोत्सव 10 सितंबर से

**ग्वालियर।** लोहा व्यवसायी संघ रजि ग्वालियर का गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन 10 सितंबर से प्रारंभ होगा इस सम्पूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जायेगा इस गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ 10 सितंबर को प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा प्रतिदिन सुबह एवम् शाम आरती का आयोजन किया जाएगा इसके अतिरिक्त विभिन्न आयोजन भी इस गणेश चतुर्थी महोत्सव के दौरान किये जायेंगे इसमें हाऊजी गेम, गायन प्रतियोगिता,भजन संध्या, एवम् सांस्कृतिक आयोजन एवम् रंगारंग आयोजन आयोजित किए जायेंगे इस आयोजन में ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के संरक्षक पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल जी अध्यक्ष संजय कट्ठल उपाध्यक्ष संजय जैन वैभव सिंघल,श्री राम सरावगी, महेंद्र बांदिल, कपिल गोयल,धर्मवीर भिलवार ने सभी लोहा व्यवसायी संघ के सम्माननीय सदस्य उपस्थित हो ऐसी अपील की है इस सम्पूर्ण आयोजन के लिए पूजा अर्चना के लिए धीरज शास्त्री जी को नियुक्त किया गया है

# मुरार के तिहरे हत्याकांड का खुलासा, लूट का सामान भी बरामद



**ग्वालियर।** ग्वालियर के उपनगर मुरार थाना क्षेत्र में हुये ट्रिपल मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में मृतक के साढू के बडे भाई का बेटा ही पूरे मामले का मास्टर माइंड निकला। पुलिस ने आरोपी को दबोच कर उसके एक सहयोगी को भी पकडा है। मृतक ने लूट के इरादे से इस हत्या कांड को अंजाम दिया है। पुलिस महानिरीक्षक अविनाश शर्मा, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश दंडौतिया ने आज शाम को पत्रकारों को बताया कि थाना मुरार क्षेत्र में दिनांक गत छह सितंबर को हुए ट्रिपल मर्डर की सनसनी खेज बारदात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सात सितंबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर(शहर-पूर्व) राजेश दण्डोतिया को जरिये मुखबिर सुचना मिली कि ट्रिपल मर्डर की घटना दिनांक को कुछ संदिग्ध लोगों को मृतक के घर के आसपास देखा गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर (शहर-पूर्व) द्वारा उक्त सूचना पर से उक्त पुलिस टीमों द्वारा प्रकरण में मिले साक्ष्य तथा मृतक के घर के आसपास लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज को चैक किया गया। पुलिस को पता चला कि उनमें से एक संदेही गिरवाई क्षेत्र में देखा गया है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही को गिरवाई नाका पर पहुंच कर धर दबोचा। पकड़े गये संदेही की निशानदेही पर उसके दूसरे साथी को पुलिस टीम द्वारा डबरा तिराहा, वाय पास रोड़ झांसी रोड़ से पकड़ लिया गया। पकड़े गये दोनों संदेहियों से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि वह मृतक के घर में लूट करने की नीयत से घुसे थे। बारदात के दौरान मृतक की पत्नि व बच्ची के जाग जाने तथा संदेहियों की पहचान कर लेने सेअपने पकड़े जाने के डर से हमने मृतक की पत्नि को चाकू से घायल कर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी तथा बक्से पर सो रहे उसके पति की भी गला घोंटकर हत्या कर दी। इस दौरान मेरे साथी द्वारा बच्ची के सिर पर कट्टा अड़ाकर घर में रखे माल के संबंध में उससे सारी जानकारी ले ली।

# संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली मार्ग पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने किया भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण

### कहा शहर से जुड़े गाँव भी बनाए जा रहे हैं स्मार्ट

**ग्वालियर।** संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट जाने वाले मार्ग पर हैरीटेज थीम पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत भव्य प्रवेश द्वार बनाया गया है। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने बुधवार को इस प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा खुशी की बात है कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर की तर्ज पर ग्वालियर शहर से जुड़े ग्रामों को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों को इस प्रवेश द्वार के निर्माण से संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट पहुँचने में आसानी रहेगी। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत ग्वालियर-बेहट सड़क मार्ग पर मोहनपुर ग्राम से आगे फ्लाईओवर के समीप इस भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण लगभग साढ़े 22 लाख रूपए की लागत से किया गया है। लगभग 9 मीटर ऊँचाई एवं 15 मीटर चौड़ाई में हैरीटेज थीम पर नैनोकोटिंग के साथ यह आकर्षक प्रवेश द्वार बनाया गया है। स्मार्ट सिटी द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये मूर्तरूप दिए जा रहे विकास कार्यों की कड़ी में तानसेन की जन्मस्थली मार्ग पर प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया है। प्रवेश द्वार के लोकार्पण अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह एवं एसडीएम श्रीमती पुष्पा पुषाम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# कार के लिए पत्नी को कर दिया पराया: असिस्टेंट मैनेजर ने कार के लिए पत्नी को घर से निकाला और बोला- लौटकर आना तो गाड़ी लेकर ही आना

**ग्वालियर।** ग्वालियर में कार के लिए एक पति ने पत्नी को घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं एक कंपनी में बतौर असिस्टेंट मैनेजर पदस्थ युवक ने पत्नी को यह कहकर निकाला है कि आना तो कार लेकर ही आना नहीं तो चेहरा मत दिखाना। घटना विश्वविद्यालय के महलगांव की है। महिला की शादी को अभी दो साल भी पूरे नहीं हुए हैं। महिला ने लाख मिन्नतें कीं, लेकिन ससुराल पक्ष को रहम नहीं आया। घटना की शिकायत महिला थाना में की गई है। पुलिस ने आरोपी पति, सास-ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। शहर के सिटी सेंटर महलगांव निवासी राखी (25) का विवाह दो साल पहले भिण्ड निवासी दीपक गुप्ता से हुआ था। दीपक सीकर स्थित एलिन कैरियर इंस्टीट्यूट में सहायक प्रबंधक के पद पर है। शादी में राखी के पिता ने 11 लाख रुपए नकद, 18 तौला सोना के साथ चांदी के जेवर व अन्य सामान दिया था। शादी के दो दिन बाद ही राखी को उसके ससुराल की जमीनी हकीकत पता लग गई। नए घर, पति और ससुराल को लेकर जो सपने देखे थे। सभी टूट गए क्योंकि शादी के दूसरे दिन से ही पति दीपक, सास रेखा गुप्ता, ससुर अशोक गुप्ता व ननद नमिता उसे ताने मारने लगी। मायके से डिजायर कार मंगवाने के लिए परेशान करने लगे। जब विरोध किया, तो मारपीट कर परेशान किया जाता था। कुछ दिन पहले पति ने कार की डिमांड पूरी नहीं होने पर उसे घर से निकाल दिया। यही नहीं, यह भी कहा कि कार लेकर ही चेहरा दिखाना वरना मत आना।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478